CMYK

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 5 जिल कदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अगले तीन दिनों तक भीषण हीटवेव!

पेज 2




वैभव के सबसे तेज 500 आईपीएल रन

खेल टाइम्स




सीबीआई अधिकारियों को सजा संस्थागत भ्रष्टाचार पर सवाल

सम्पादकीय



फारस की खाड़ी-होर्मुज स्ट्रेट में तेल रिसाव का खतरा

पेज 12

# प.बंगाल ने तोड़े मतदान के सभी रिकॉर्ड

## बंगाल में पहले चरण का मतदान 92% के पार, तमिलनाडु में भी 85% वोटिंग

कोलकाता/चेन्नई, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 92.54 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 85.13 फीसदी वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है।

ममता ने वोटिंग के बाद कहा कि बंगाल की जनता ने एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग की है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91फीसदी, पुडुचेरी में 90 प्रतिशत और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया। पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए। बीरभूम के बोधपुर गांव में ईवीएम खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में हुमायूं कबीर के समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच लाठी-डंडे चले। बंगाल में वोटिंग खत्म होने के बाद अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। हेलीकॉप्टर से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में ढलता हुआ सूरज दिख रहा है। शाह ने कैप्शन में लिखा कि तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका है। बीरभूम के बोधपुर गांव में लोगों पर सेंट्रल फोर्स पर हमला करने का आरोप है। यहां के पोलिंग बूथ पर ईवीएम खराब होने के बाद वोटर्स और पुलिस के बीच बहस हो गई। इसके बाद लोगों ने सेंट्रल फोर्स पर पथराव किया।



चेन्नई। अभिनेता कमल हासन मतदान के बाद फोटो खिंचवाते हुए।

**ममता बोलीं: एसआईआर के विरोध में हुई बंपर वोटिंग**

**कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने पीटा**

**तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडाराज का सूरज ढल चुका: शाह**

### हुमायूं कबीर की कार पर हमला, सिलीगुड़ी में भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में पहले फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हिंसा और मारपीट हुई। मुर्शिदाबाद जिले में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के चीफ हुमायूं कबीर और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई।

इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प भी हुई। इसके बाद वे धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ। स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया। सिलीगुड़ी में भी वोटिंग के दौरान भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच भी झड़प हुई। सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ में बने बूथ पर वोटिंग हो रही थी। इसी दौरान बूथ के बाहर दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। यहां से शंकर घोष भाजपा प्रत्याशी हैं। मालदा के एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से हंगामा हो गया।

# सीतापुर की कशिश 10वीं और 12वीं में शिखा टॉपर

## यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित, बेटियां फिर अव्वल

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड का रिजल्ट गुरुवार शाम 4 बजे जारी कर दिया गया। 12वीं में 80.38 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए हैं। इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी है। सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत नंबरों के साथ यूपी टॉप किया है। सीतापुर की ही कशिश वर्मा ने 10वीं में यूपी में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 97.83 फीसदी अंक मिले हैं।

शिखा वर्मा और कशिश वर्मा दोनों एक ही स्कूल की छात्राएं हैं। दोनों छात्राएं महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की पढ़ने वाली हैं। शिखा के पिता किसान और मां गृहिणी हैं। शिखा इनकम टैक्स अफसर बनना चाहती हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर बरेली की नंदनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रिया वर्मा हैं। दोनों के 97.20 फीसदी नंबर हैं। तीसरे स्थान पर भी दो छात्राएं हैं। बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल को 97 फीसदी नंबर मिले हैं। सुरभि के पिता की फर्नीचर की शॉप है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि जिन छात्राओं ने राज्य भर में टॉप पोजिशन हासिल किया है, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। यूपी बोर्ड 12वीं में टॉप-10 में 23 छात्रों ने जगह बनाई है। इनमें बरेली से सबसे ज्यादा 5 टॉपर्स हैं। फिर सीतापुर और बाराबंकी से 4-4, चित्रकूट और हरदोई से 2-2 फिर बागपत, मुरादाबाद, कानपुर नगर, कन्नौज, बांदा और प्रतापगढ़ से एक-एक टॉपर्स टॉप-10 में शामिल हैं। इन छात्रों ने 500 में 488 से 477 अंक हासिल किए हैं। जेल में बंद 135 कैदियों ने परीक्षा दी। इनमें से 114 पास हुए हैं। इनका पासिंग परसेंटेज 84.44 प्रतिशत रहा। 30 जेलों में से 27 जेलों के बंदियों ने परीक्षा दी थी।



कशिश वर्मा 97.83 % | शिखा वर्मा 97.60 %

**दोनों टॉपर सीतापुर के महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की छात्राएं, 80.38% रहा रिजल्ट**




### उत्तराखंड: चंबा-कोटी मार्ग पर वाहन खाई में गिरा, आठ लोगों की मौत

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी के चंबा-कोटी मार्ग पर नैल के समीप मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें आठ लोगों की मौत व दो घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे ऋषिकेश से घनसाली जा रहा मैक्स वाहन नैल गांव के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिसमें आशालाल 40 पुत्र असाडू निवासी ग्राम ठेला घनसाली, विजयलाल 36 पुत्र भुरखिलिया निवासी ग्राम ठेला, प्रेमलाल 60 पुत्र संतुलाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, महावीर 60 पुत्र विशुलाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, चालक शिव सिंह 35 पुत्र पुष्कर सिंह निवासी

-शेष पृष्ठ दो पर

# ट्रम्प का यूटर्न, अब भारत को बताया महान देश

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है। महज 24 घंटे के भीतर ट्रम्प ने भारत को लेकर जो यूटर्न लिया है, उसने पूरी दुनिया के कूटनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। जिस देश को कल तक उन्होंने 'नरक का द्वार' कहा था, आज उसी भारत को उन्होंने एक महान राष्ट्र बताया है। इतना ही नहीं, ये भी कहा कि शीर्ष पर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पाडकास्ट का अंश साझा किया। इस पोस्ट में जन्मसिद्ध नागरिकता के कानून की आलोचना की गई थी। इस दौरान भारत और चीन जैसे देशों के लिए अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। ये भी कहा गया था कि भारत और चीन के लोग अमेरिका में सिर्फ इसलिए आते हैं, ताकि उनके बच्चे वहां पैदा हों और उन्हें तुरंत अमेरिकी नागरिकता मिल जाए। हैरान करने वाली बात यह थी कि इस पोस्ट में भारत को 'हेल-होल' यानी नरक की संज्ञा दी गई थी। ट्रम्प के पत्र में दावा किया गया कि कैलिफोर्निया के तकनीकी क्षेत्र में भारतीयों का वर्चस्व है और वे अमेरिकी संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

**भारत को पहले कहा था नरक का द्वार**

### ट्रम्प ने नौसेना चीफ को किया बर्खास्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जान फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है। पेंटागन की तरफ से छोटा सा बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई, लेकिन हटाए जाने की स्पष्ट वजह नहीं बताई गई। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से फेलन और पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व के बीच लगातार मतभेद चल रहे थे। खासकर नौसेना के जहाज निर्माण कार्यक्रम, काम करने के तरीके और नेतृत्व को लेकर उनके और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच टकराव बढ़ता जा रहा था।

# भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट खुले

## देश-विदेश से लगभग 15 हजार श्रद्धालु रहे मौजूद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली।** भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट गुरुवार प्रात: 6 बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे -शेष पृष्ठ दो पर



**मुख्यमंत्री धामी ने कपाट उद्घाटन पर प्रधानमंत्री मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा की संपन्न**

**संक्षिप्त समाचार**

### हाईकोर्ट ने यूपी में मदरसों की एटीएस जांच पर जवाब मांगा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में लगभग चार हजार मदरसों की एटीएस से जांच को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार और एटीएस से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि किस आधार पर एंटी-टेररिज्म स्क्वाड को इन मदरसों की जांच करने करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा एवं न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया व अन्य की प्रबंध समितियों की याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीके सिंह व अधिवक्ता औसाफ बी और सरकारी वकील को सुनकर दिया है। घ्याचिका में प्रदेश के मदरसों की जांच एटीएस से कराने के आईजी एटीएस के नौ दिसंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस अफसर के खिलाफ केस पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के एक पुलिस अधिकारी के खिलाफ दंगा करने, चोट पहुंचाने एवं शांति भंग करने के आरोप में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रयागराज में 1989 में दर्ज इस मामले में पिछले 35 वर्षों में एक भी अभियोजन गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करते हुए और आगे की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए, न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने 20 अप्रैल को कहा कि इस मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को देखते हुए और विशेष रूप से इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि लगभग 35 वर्ष बीत चुके हैं। हालांकि अदालत ने अंतिम आदेश पारित करने से पहले उत्तर प्रदेश सरकार की बात सुनने का विकल्प चुना है।

# यूपी में अगले तीन दिनों तक भीषण हीटवेव!

## आईएमडी ने 32 जिलों के लिए जारी किया रेड अलर्ट

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और उष्ण लहर (हीट वेव) का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या और अंबेडकर नगर में लू का असर देखने को मिल सकता है।

आईएमडी ने कहा कि उष्ण लहर (लू) का सामान्य जनजीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। आम लोगों के लिए गर्मी किसी हद तक सहनीय रह



सकती है, लेकिन छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है।

मौसम विभाग ने बताया कि विशेष रूप से मजदूर वर्ग-जैसे औद्योगिक श्रमिक, खनन श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर-साथ ही किसान और लंबे समय तक धूप में काम करने वाले लोगों में डिहाईड्रेट होने और लू लगने का खतरा अधिक रहता है। पशुधन और खड़ी कृषि या बागवानी फसलों पर इसका प्रभाव सामान्यत: मामूली रहने की संभावना है, हालांकि लगातार गर्मी रहने पर जोखिम बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि लोगों को खासकर दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में रहने से बचना चाहिए और हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनने चाहिए। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढंककर रखना चाहिए। शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करना जरूरी है। किसानों को खड़ी फसलों में नमी बनाए रखने के लिए शाम के समय हल्की सिंचाई करते रहना चाहिए, जबकि खेती, खनन और अन्य खुले क्षेत्र के कामों को मौसम के अनुसार समायोजित करना चाहिए। वहीं पशुओं को दोपहर में चराने से बचाना चाहिए और उन्हें छाया में रखकर पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना जरूरी है।

# बोलेरो में लगी आग, नौ जिंदा जले

■ **मिर्जापुर में भीषण सड़क हादसा: कुल 11 की मौत**

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में बुधवार रात हुआ एक भीषण सड़क हादसा कई परिवारों के लिए कभी न भरने वाला जख्म छोड़ गया। रीवा-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ड्रमंडगंज घाटी की ढलान पर तेज रफ्तार और ब्रेक फेल ट्रक ने ऐसा कहर बरपाया कि देखते ही देखते चार वाहन आपस में टकरा गए और एक बोलेरो आग का गोला बन गई।

इस दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 9 लोग बोलेरो में जिंदा जल गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन आग इतनी तेज थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका। इस भीषण सड़क हादसे पर सीएम योगी ने दुख जताया है। पुलिस के मुताबिक हादसा ड्रमंडगंज घाटी के पास रात करीब 8रू30 बजे हुआ। मध्य प्रदेश से चना लादकर आ रहा एक ट्रक ढलान पर अचानक ब्रेक फेल होने के कारण बेक. ाबू हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने चल रही बोलेरो को टक्कर मार दी और उसे धकेलते हुए आगे चल रहे गिट्टी से भरे ट्रक में दे मारा। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी संतुलन खो दिया और वह आगे चल रही कार से टकरा गया। कुछ ही पलों में सड़क पर मलबा, आग और चीख-पुकार का भयावह दृश्य फैल गया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली खाई में पलटी, पांच लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी।** जिले के पढुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। औघड़ बाबा और बोझिया पंप के बीच मुंडन कार्यक्रम में जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए, जिनमें 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे पर संवेदना जताई है। मिली जानकारी के अनुसार, शारदानगर थाना क्षेत्र के सोहरिया और आसपास के गांवों से करीब 50 लोग ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर बहराइच के सुजौली थाना क्षेत्र स्थित कारीकोट मंदिर में मुंडन कार्यक्रम के लिए निकले थे। जैसे ही ट्रैक्टर पढुआ क्षेत्र के औघड़ बाबा और बोझिया पंप के बीच पहुंचा, चालक संतुलन खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा पलटा। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया। इस हादसे में जिन 5 लोगों की मौत हुई है, उनकी पहचान आरुषि (12) पुत्री विनोद निवासी सोहरिया, राज कुमार पत्नी केश कुमार निवासी सोहरिया, मखाना पत्नी मेवा लाल निवासी सेमरी, नैंसी देवी पुत्री रमाकांत निवासी सोहरिया और पंछी (16) पुत्री विशंभर निवासी सोहरिया के रूप में हुई है।

## गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी का बड़ा बयान

# नीयत साफ हो, तो बदलती है नियति: सीएम

**लखनऊ, वार्ता**



■ 497 परियोजना का लोकार्पण-शिलान्यास

■ इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो, तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई देती हैं। गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है।

सीएम योगी गुरुवार पूर्वाह्न राप्ती नदी के एकला बंधे पर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया। एकला बंधे पर आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अच्छा करने की इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने एकला बंधे पर ईको पार्क के रूप में हुए नए कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी या लखनऊ की तरफ से गोरखपुर प्रवेश करते ही सबसे पहला मुकाबला कचरे से होता था। बहुत भद्दा और बहुत बुरा लगता था। पर, करने की इच्छाशक्ति से धीरे-धीरे परिवर्तन होता गया। उन्होंने कहा कि आज से 30-35 वर्ष पहले, आज जहां ट्रांसपोर्टनगर बना है, पहले गोरखपुर का सारा कचरा वही डंप होता था। नगर निगम ने उसका समाधान किया तो आज वहां ट्रांसपोर्टनगर है, बेहतरीन मार्केट और गोरखपुर की मंडी है। ट्रांसपोर्टनगर बन जाने के बाद कचरा एकला बंधे पर गिराया जाने लगा। इसका परिणाम हुआ, वायु प्रदूषण, जमीन में जहर, नदी प्रदूषण और भूजल स्तर पर भी प्रभाव। इसके चलते एनजीटी भी जुर्माना लगाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत से नियति को बदला गया और बेहतरीन ईको पार्क तैयार हो गया। ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है।

### परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से मिली सफलता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माद्यमिक शिक्षा परिषद् की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड 2026 का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें हाई स्कूल और इंटर दोनों में लड़कियों ने बाजी मारी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सफलता आपके अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

# यूपी चुनाव में कांग्रेस को मिले 200 सीटें: रालोद

**लखनऊ, वार्ता**

■ **अखिलेश यादव के पुराने दोस्त की पार्टी से उठी मांग**

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के पुराने सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने मांग की है की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 200 सीटें दी जाएं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में सपा के सहयोगी रह चुकी राला. द के नेता रोहित अग्रवाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर यह पोस्ट की। रालोद नेता की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बीते दिनों सपा सुप्रीमो ने कहा था कि मुद्दा सीट का है ही नहीं, जो जहां से जीत सकता है, वहां से लड़ेगा। रोहित अग्रवाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा-हमें पूर्ण विश्वास है कि समाजवादी पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को सम्मानजनक रूप से 200 सीटें देगी। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक पार्टी है। इससे कम सीटें देना उसके गौरव और योगदान का अपमान होगा। बता दें रालोद फिलहाल भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए का हिस्सा है। पार्टी नेता की यह पोस्ट कांग्रेस और सपा के रिश्तों पर तंज मानी जा रही है। कई मौकों पर कांग्रेस की यूपी इकाई की ओर से यह कहा गया है कि हम सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रहे हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 78493.54
**निफ्टी** 24353.55



**सोना** 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 239934
प्रति किलो




# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 77,664 पर हुआ ढेर

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा। वैश्विक दबाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिली। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी भारी गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे निवेशकों की धारणा पर बुरा असर पड़ा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स 852. 49 अंक गिरकर 77,664.00 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 205 अंक की गिरावट के साथ 24,173.05 पर सिमट गया। बाजार की इस गिरावट ने



निवेशकों के करोड़ों रुपये स्वाहा कर दिए।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार इस गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों का 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचना है। रिपोर्ट के अनुसार ब्रेंट क्रूड फिलहाल 103 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में आई रुकावट ने निवेशकों को डरा दिया है। 'एनरिच मनी' के सीईओ पोनमुडी आर. के अनुसार, स्ट्रेट आफ होर्मुज पर बढ़ते नियंत्रण और अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी की खबरों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बाजार के साथ-साथ कमोडिटी मार्केट में भी हलचल रही। 24 कैरेट सोने की कीमत हल्की गिरावट के साथ 1,51,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि चांदी 2.53४ गिरकर 2,42,072 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एशियाई बाजारों में भी कमजोरी का रुख रहा।

### शाम होते ही सोना-चांदी की कीमत धड़ाम

**नई दिल्ली।** आईबीजेए की तरफ से जारी रेट के अनुसार 23 अप्रैल को 24 कैरेट सोने का दाम 1000 रुपये प्रति10 ग्राम से ज्यादा टूटकर 151189 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी में करीब 5000 रुपये प्रति किलो की गिरावट देखी जा रही है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना गिरकर 15,3700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दुनियाभर में चल रही आर्थिक अस्थिरता के बीच निवेशक गोल्ड को सेफ हेवन के रूप में देख रहे हैं। पिछले एक साल की ही बात करें, तो सोने में 47 प्रतिशत का भारी उछाल देखा गया है। इसके अलावा 999 शुद्धता वाली चांदी भी सस्ती होने के साथ अब 2 लाख 43 हजार रुपये किलो तक आ गई है।

# भारतीय रेलवे का कायाकल्प, अब सफर होगा सुरक्षित और तेज

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय रेलवे ने 55,000 किलोमीटर ट्रैक बदलकर सुरक्षा बढ़ाई है। मशीनीकृत रखरखाव और मजबूत पटरियों से अब 80४ नेटवर्क पर ट्रेनें 110 किमी/घंटा दौड़ेंगी।



55,000 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण किया गया ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क को आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रही है। पिछले एक दशक में रेलवे ने सुरक्षा और गति को प्राथमिकता देते हुए लगभग 55,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का नवीनीकरण किया है। इस बुनियादी ढांचे के सुधार ने न केवल ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई है, बल्कि रेल दुर्घटनाओं की संभावना को भी न्यूनतम कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक लेख का हवाला देते हुए पीएमओ ने बताया कि 2014 के बाद से ट्रैक के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। उन्नत परीक्षण और मशीनीकृत रखरखाव के कारण आज भारतीय रेल की 'राइड क्वालिटी' पहले से कहीं बेहतर हुई है। रेल मंत्री के अनुसार ट्रैक और वेल्डिंग के फेल होने की घटनाओं में 90 प्रतिशत तक की कमी आई है, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी जीत है। रेलवे ने अब तक लगभग 44,000 किलोमीटर लंबे रेल पैनल बिछाए हैं। बड़ा लाभ यह है कि इनमें पटरियों के बीच जोड़ कम होते हैं, जिससे ट्रेनें बिना झटके के स्मूथ चलती हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** ग्राम होल्टा घनसाली, सेहतलाल 65 पुत्र गोपाल निवासी ग्राम चकरेडा घनसाली, लक्ष्मण सिंह 33 पुत्र मुरखिलिया निवासी ग्राम चांजी घनसाली की मौत हो गई जबकि एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। घायलों में अंकित 18 पुत्र आशालाल निवासी ग्राम ठेला व उत्तम कुमार 36 पुत्र पुशु निवासी ग्राम बडियारगढ़ घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल नई टिहरी में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घटनास्थल पर जिला. धिकारी नितिका खंडेलवाल, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, एसएसपी श्वेता चौबे उपस्थित रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन द्वारा घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

**भगवान श्री...**

तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। मुख्यमंत्री ने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा।

लोक संस्कृति की झलक: जागरों पर झूम उठा बद्रीनाथ धाम

कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।

# पीएम 29 को देंगे गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात

## मेरठ के बिजौली से शुरू होकर प्रयागराज के जुदापुर डांडू गांव तक जाता है एक्सप्रेसवे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को अपनी सबसे बड़ी सड़क परियोजना की सौगात मिलने जा रही है। 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई जिले में लोकार्पित किया जाएगा। यह राज्य का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है। खास बात यह है कि लोकार्पण के तुरंत बाद ही इस पर टोल टैक्स की वसूली शुरू हो जाएगी। सभी सुविधाएं पूरी तरह तैयार हैं और ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं।

यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुदापुर डांडू गांव तक जाता है। यह गंगा नदी के किनारे-किनारे 12 जिलों, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा,



संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली और प्रयागराज को जोड़ेगा। छह लेन आठ लेन तक विस्तार योग्य है। यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर विकसित किया गया है। लगभग 36 हजार करोड़ रुपए का खर्च आएगा। डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ऑपरेट-ट्रांसफर मोड में बनाए गए इस प्रोजेक्ट से यूपी की सड़क नेटवर्क हिस्सेदारी 60 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह यूपी का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे है, जहां उद्घाटन के साथ टोल प्लाजा सक्रिय हो जाएंगे। कार, जीप और वैन के लिए प्रति किलोमीटर 2.55 रुपये की दर से कुल लगभग 1,515 रुपये एक तरफ का टोल होगा। हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए 4।05 रुपये, बस-ट्रक के लिए 8. 15 रुपये, भारी मशीनरी के लिए 12.55 रुपये और सात एक्सल वाले वाहनों के लिए 16.05 रुपये प्रति किमी तय किए गए हैं। पूरे रूट पर 14 टोल पॉइंट बनाए गए हैं। एआई आधारित आधुनिक सिस्टम से बिना रुके टोल कटान की व्यवस्था है, जिससे वाहनों की कतार नहीं लगेगी। अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी और मेरठ-प्रयागराज का सफर महज 6-7 घंटे में पूरा हो सकेगा। यह एक्सप्रेसवे लॉजिस्टिक्स को नई गति देगा, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा और निवेश आकर्षित करेगा। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं मजबूत होंगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और कृषि उत्पादों की तेज आवाजाही संभव होगी। विशेष रूप से हरदोई, शाहजहांपुर, बदायूं जैसे जिलों में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होने की संभावना है। राज्य सरकार इसे यूपी को भारत की ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 2021 में प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास के बाद तेजी से काम हुआ। मार्च 2026 तक 96.99 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका था। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने सभी संरचनाएं, अर्थवर्क, ड्रेनेज और सेफ्टी फीचर्स पूरे कर लिए हैं।

■ **लोकार्पण के साथ ही शुरू होगी टोल वसूली**

# विवाह किसी का शोषण करने का लाइसेंस नहीं: हाईकोर्ट

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश, पति की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग और वैवाहिक शोषण के एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पति की याचिका को न केवल खारिज कर दिया, बल्कि उस पर 15 लाख रुपये का हर्जाना भी लगाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विवाह किसी का शोषण करने का लाइसेंस नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह हर्जाना न केवल पीड़ित पत्नी को राहत देने के लिए है, बल्कि उन लोगों के लिए एक सबक भी है, जो झूठे आधारों पर न्यायालयों का समय बर्बाद करते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने रंजीत सिंह की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया है। याची रंजीत सिंह ने याचिका दाखिल कर इटावा फैमिली कोर्ट में लंबित अपने भरण-पोषण के मामले को जल्द निपटाने की मांग की थी। उसने दावा किया था कि वह एक बेरोजगार युवा है और उसके पास आय का कोई साधन नहीं है, जबकि उसकी पत्नी इलाहाबाद हाईकोर्ट में अतिरिक्त निजी सचिव के पद पर कार्यरत है। पत्नी ने कोर्ट को बताया कि पति ने उसे झांसा देकर उसके वेतन खाते से साढ़े 11 लाख और 13.56 लाख रुपये के दो व्यक्तिगत ऋण लिए। उसने इन पैसों का उपयोग विलासिता और शराब पर किया तथा पत्नी अब भी 26,020 रुपये की मासिक ईएमआई भर रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि पति ने कई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए थे। पति पहले से ही एक अन्य मामले में पत्नी से पांच हजार रुपये प्रति माह का अंतरिम भरण-पोषण प्राप्त कर रहा था, जिसकी जानकारी उसने इस याचिका में नहीं दी।

# प्रकाश चौक पर ऑक्सीजन सिलेण्डर में विस्फोट

## कई दुकानें क्षतिग्रस्त, एसएसपी ने संभाली स्थिति, बिल्डिंग को कराया खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र में गुरूवार को एक ऐसा भयानक हादसा हुआ जिसमें भरे बाजार के व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। यह घटना प्रकाश चौक के निकट स्थित ऑक्सीजन सिलेण्डर गोदाम में सिलेण्डर फटने से हुईहै। अचानक ही ऑक्सीजन सिलेण्डर में विस्फोट हुआ और गोदाम की दीवार हवा की तरह उड गई। और आसपास के दुकानों में भी नुकसान हुआ। यह घटना कुमार गैसिस सर्विस में हुई और हादसे के दौरान पिता-पुत्र घायल हुए है, हालांकि यहां कोई संगीन घटना तो नहीं घटी लेकिन आसपास पडे भारी मात्रा में सिलेण्डर फट जाते तो शायद बहुत बडा हादसा होता। सूचना के तुरंत बाद ही एसएसपी संजय कुमार वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होने स्थिति को संभालने के लिए अपनी टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसएसपी ने क्षतिग्रस्त बिल्डिंग होने के कारण उसको तुरंत ही खाली कराया। घटना के दौरान काफी देर तक यहां व्यापारियों व आम लोगों की भीड़ इकट्ठा रही और पुलिस प्रशासन की टीम भी यहां लगी रही। कस्बा खतौली के रहने वाले नरेन्द्र विना.ेचा काफी समय से प्रकाश और महावीर चौक के बीच सिविल लाइन क्षेत्र में कुमार गैसिस के नाम से ऑक्सीजन सिलेण्डर की सप्लाई करते है। घटना गुरूवार की है।

गोदाम मालिक अपने बेटे सोनू के साथ गैस सर्विस के ऑफिस में बैठे थे। दोपहर के समय शायद इस समय ढ़ाइ बजे थे और अचानक ही ऑक्सीजन सिलेण्डर में विस्फोट हो गया। अचानक विस्फोट की तेज आवाज से आसपास के व्यापारी व इधर से गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और दहशत का माहौल पैदा हो गया। इस समय गोदाम स्वामी का एक हाथ पूरी तरह घायल हो गया। सूचना के बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए।

ऑक्सीजन सिलेण्डर विस्फोट में गोदाम की दीवार उड गई और आसपास की दुकानों में भी दरारे आ गई और नुकसान हुआ है। इस घटना में छत भी पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई है। इस समय यहां काफी संख्या में सिलेण्डर रखे हुए थे, लेकिन गनीमत यह रही कि इसके बाद कोई हादसा नहीं हुआ। सूचना के बाद यहां पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मेडिकल लाइसेंस संबंधी कागजों की भी जांच पडताल की।



मुजफ्फरनगर: घटना स्थल का निरीक्षण करते समय आवश्यक दिशा-निदेश देते एसएसपी।

### एसएसपी ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा 2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दे कि उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा 25/26/27 अप्रैल को प्रतिदिन दो पालियों में होनी है। इसमें 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है जिससे परीक्षा को पारदर्शी निष्पक्ष नकलविहीन कराया जा सके। यहां पहुंचे एसएसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रांग रूम, बायोमेट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का भी इंतेजाम किया है। उन्होने यहां की व्यवस्था को परखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बोर्ड परीक्षाफल में जिले को मिला 19वां स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कुंवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म हाई स्कूल के छात्र वंश सैनी ने उत्तर प्रदेश की मेरिट सूची में छठा स्थान पाया। मुजफ्फरनगर के .झांसी की रानी के निकट स्थित कुंवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज के छात्र वंश सैनी ने 600 अंकों में से 581 अंक (96. 83 प्रतिशत) अंक हासिल कर जिले में पहला तथा उत्तर प्रदेश की मेरिट सूची में छठा स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर इंटरमीडिएट की परीक्षा में दयानंद गुरुकुल इंटर कॉलेज, बिरालसी के छात्र आर्यन पुंडीर ने 90.40 प्रतिशत अंक पाकर जिले में टॉप किया है। मुजफ्फरनगर जनपद ने प्रदेश की रैंकिंग में 19वाँ स्थान प्राप्त किया है। कुंवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज .झांसी की रानी के प्रबंधक वरिष्ठ सिविल अधिवक्ता सुखदेव मित्तल एवं अध्यक्ष शिवचरण गर्ग ने विद्यालय को मिली उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा है वास्तव में यह पूरे जिले के लिए बड़े गौरव की बात है। वंश सैनी को विद्यालय में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

# जिले में आर्यन पुण्डीर इण्टर और वंश सैनी हाईस्कूल के रहे टॉपर

## कुं. जगदीश प्रसाद के वंश सैनी ने प्रदेश सूची में पाया छठा स्थान

**■ राज्यमंत्री कपिल देव व डीएम ने मेधावी बच्चों को दिया आशीर्वाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद में आज हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें जनपद **मुजफ्फरनगर में इण्टर परीक्षा में डीएन गुरूकुल इण्टर कॉलेज बिरालसी के छात्र आर्यन पुण्डीर** ने 500 में से 452 अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। जनता इण्टर कॉलेज भोपा की छात्रा सानवी और लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के छात्र हर्षित जैन ने 450-450 अंक पाकर जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डीएवी पब्लिक इण्टर कॉलेज बुढ़ाना के छात्र निशांत कश्यप, दयानंद इण्टर कॉलेज बुढ़ाना के छात्र वंश सिंघल ने 447 अंक पाकर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौमती कन्या इण्टर कॉलेज जानसठ की छात्रा तनु गुप्ता ने 446 अंक पाकर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया।

न्यू चिल्ड्रन इण्टर कॉलेज सटेडी खतौली की छात्र स्नेहा ने 445 अंक पाकर पांचवा तथा सीसीएस इण्टर कॉलेज मीरांपुर तीसंग के छात्र मंयक ने 444 अंक पाकर छठा स्थान प्राप्त किया। शिक्षा सदन कन्या इण्टर कॉलेज शहर की राबिया व न्यू चिल्ड्रन इण्टर कॉलेज सटेडी खतौली के अर्पित ने 443 अंक पाकर सातवां स्थान पाया। किसान इण्टर कॉलेज की छात्रा रिया 442 अंक पाकर आठवां तथा एमएस इण्टर कॉलेज मोरना के छात्र वाशिद, होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज जडौदा के अंचल सैनी ने 441 अंक पाकर नौवां स्थान पाया। गोर्वमेंट गर्ल्स इण्टर कॉलेज भैंसी की प्रियंका रानी, सरस्वती इण्टर कॉलेज जानसठ के वासु सैनी, एमडीएस विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मंसूरपुर की छात्रा सुहाना ने 440 अंक पाकर दसवां स्थान प्राप्त किया।

**हाईस्कूल परीक्षा में जनपद मुजफ्फरनगर की टॉपर लिस्ट में कुंवर जगदीश प्रसाद एसडी इण्टर कॉलेज के छात्र वंश सैनी ने** 600 में से 581 अंक पाकर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। सरस्वती शिशु मंदिर केशवपुरी की पलक सैनी ने 566 अंक पाकर द्वितीय, आर्य एकेडमी इण्टर कॉलेज शाहपुर की शिया ने 562 अंक पाकर जिले की मेरिट सूची में तृतीय स्थान पाया।

भागवन्ती सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा आकांशा व लाला जगदीश प्रसाद इण्टर कॉलेज के वंश कुमार 560 अंक पाकर चौथे स्थान पर रहे।

डीएवी इंटर की छात्रा भव्या, ग्रीन फील्ड के छात्र प्रिंस कुमार, आर्य एकेडमी शाहपुर के विक्षित सैनी 566 अंक पाकर पांचवे स्थान पर रहे, जबकि लाला जगदीश प्रसाद अनंत कुमार 555 अंक पाकर छठे, आदर्श इण्टर कॉलेज जट मुझेडा के देववृत्त सैनी सातवें, कुंवर जगदीश प्रसाद, एसडी इण्टर कॉलेज के अंशु सिंघल 543 अंक पाकर आठवे स्थान पर रहे, जबकि इण्टर कॉलेज पुरकाजी की छात्रा रूसना मलिक, एसकेडी मंसूरपुर मंगनपुर की रिद्दी व सरस्वती शिशु मंदिर केशवपुरी के जयदीप पुण्डीर 552 अंक पाकर नौवे स्थान पर है, जबकि डीएवी इण्टर के शौर्य मित्तल व पुरन नात विद्या मंदिर पुरकाजी के लक्ष्य अग्रवाल 550 अंक पाकर दसवे स्थान पर रहे।

बोर्ड परीक्षा में सफलता पाने वाले छात्र-छात्राओं को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आशीर्वाद देते हुए कहा है कि मेद्यावी बच्चों ने सफलता का सौपान करके अन्य छात्रों को भी प्रेरणा दी है। आगे चलकर यही बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर देश और जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होने कहा कि जल्द ही मेद्यावी बच्चों का सम्मान समारोह भी किया जाएगा।

# थार की टक्कर से तीन साल के मासूम की मौत

**■ चालक मौके से फरार, सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली बाईपास स्थित एक पेट्रोल पंप पर लाप. रवाही से चलाई गई थार गाड़ी ने तीन वर्षीय मासूम की जान ले ली। हादसे के बाद चालक वाहन समेत पफरार हो गया। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलापफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, जनपद बिजनौर के थाना किरतपुर क्षेत्र के मोहल्ला शीशग्रान निवासी अब्दुल कादिर चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 फरवरी 2026 को उसकी पत्नी चमन आरा अपने बच्चों और देवर मोहम्मद नाजिर के साथ दिल्ली से घर लौट रही थीं। रास्ते में खतौली बाईपास स्थित गुरुगोविंद सिंह पेट्रोल पंप पर उनकी कार सीएनजी भरवाने के लिए रुकी। बताया गया कि जैसे ही परिवार के सदस्य गाड़ी से उतरने लगे, उसी दौरान उनका तीन वर्षीय बेटा मोहम्मद पफाईज खेलते-खेलते पास में खड़ी एक थार गाड़ी के करीब पहुंच गया।

इसी बीच थार चालक ने बिना आसपास ध्यान दिए वाहन आगे बढ़ा दिया, जिससे मासूम उसकी चपेट में आ गया। गाड़ी का पहिया बच्चे के ऊपर से गुजर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद पेट्रोल पंप पर अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने बच्चे को वाहन के नीचे से बाहर निकाला और शोर मचाया। शोर सुनकर चालक ने गाड़ी रोकी, लेकिन बच्चे की हालत देखकर वह मौके से पफरार हो गया। लोगों ने उसे रो.कने की कोशिश की, मगर वह नहीं रुका।

पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने घटना की सीसीटीवी फुटेज परि.जनों को उपलब्ध कराई है, जिसमें पूरा हादसा सापफ दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, लेकिन परिजनों का आरोप है कि पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। बाद में परिजन बच्चे के शव को लेकर अपने गांव किरतपुर चले गए, जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। खतौली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात थार चालक के खिलापफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### युवक ने किसी कारण फांसी लगाकर दी जान

**मुजफ्फरनगर।** मंडी क्षेत्र के गांव जट मुझेडा में युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना किसी कारण के चलते बताई जा रही है और घटना के समय पत्नी मयके गई हुई थी। मृतक और उसके परिजन मेहनज मजदूरीकर परिवार का पालन पोषण करते है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव जट मुझेडा निवासी राजेन्द्र का परिवार गरीब है। और वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। गुरूवार की सवेरे नई मंडी पुलिस को सूचना मिली कि राजेन्द्र के बेटे ने किसी कारण के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। ग्रामीणों का कहना है कि पत्नी घटना के समय मयके में गई हुई थी और देर रात कपिल ने यह कदम उठाया है सवेरे परिजनों ने घटना देखी तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाई थे।

# पालिका लिपिक की मौत, बैसाखी से हमला बना घातक

## दो आरोपी हिरासत में, भीड़ देखती रही तमाशा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सैनी नगर कॉलोनी में ई-रिक्शा से साइड लगने को लेकर शुरू हुआ एक छोटा सा विवाद देखते ही देखते जानलेवा साबित हुआ। नगर पालिका के लिपिक चिंकी शर्मा पर बैसाखी से किए गए हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

दयालपुरम कॉलोनी निवासी चिंकी शर्मा, जो नगर पालिका में लिपिक के पद पर कार्यरत थे, गुरुवार शाम डडूटी खत्म कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। सैनी नहर धर्मशाला के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उनकी हल्की टक्कर हो गई। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद के दौरान ई-रिक्शा चालक और उसके साथियों ने चिंकी शर्मा पर हमला कर दिया।

आरोप है कि चालक ने बैसाखी से उनके सिर पर वार किया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर कापफी भीड़ जमा हो गई, लेकिन अधिकांश लोग मूकदर्शक बने रहे। घटना के बाद चिंकी किसी तरह घर पहुंचे, लेकिन देर रात उनकी हालत बिगड़ गई।

परिजन उन्हें तुरंत मेरठ के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं नगर पालिका में भी शोक की लहर दौड़ गई।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मेरठ पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दो आरोपितों को हिरासत में ले लिया। मामले की जांच जारी है। साथ ही, घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी भी पुलिस जांच कर रही है। बताया गया कि चिंकी शर्मा को वर्ष 2013 में पिता के निधन के बाद मृतक आश्रित कोटे में नौकरी मिली थी। उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### समय रहते नहीं थमी हिंसा

घटना के दौरान सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया। स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर शुरुआत में ही विवाद को शांत करा दिया जाता, तो शायद यह घटना इतनी भयावह न होती।


मुजफ्फरनगर: इंटर में जिला टॉपर बना बिरालसी का आर्यन पुंडीर।


मुजफ्फरनगर: भगवंती सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्राएं विजय चिन्ह बनाते हुए।


मुजफ्फरनगर: कुं. जगदीश प्रसाद में वंश सैनी प्रदेश में छठा स्थान पाकर बना आकर्षण का केन्द्र।

# पुलिस ने महिला तांत्रिक व उसके साथियों को किया गिरफ्तार

**■ काला साया बताकर परिवार से हड़पे थे जेवर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार थाने के समीपवर्ती रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में ठगी का मामला दर्ज कराया था। पीड़ित ने बताया था कि झाड़-फुंक के नाम पर महिला तांत्रिक ने अपने सहयोगियों की मदद से उससे परिवार की महिलाओं के जेवर व अन्य सामान ठग लिया है। पुलिस ने मुकदमे के बाद जांच पड़ताल की जहां महिला ठग घर में आती दिखाई दी और उसके सहयोगी भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे इसी के आधार पर पुलिस ने महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खालापार क्षेत्र में झाड़-फुंक के नाम पर एक महिला एक परिवार के घर पहुंची और उसके घर में गलत साया होने की बात कहकर परिवार को डराया इसके बाद तंत्र-मंत्र क्रिया करने के लिए सोने चांदी के जेवर मांगे थे। तंत्र-मंत्र की क्रिया करने के नाम पर महिला और उसका साथी जेवर लेकर फरार हो गया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए यह पाया था कि महिला और उसका साथी पोटली में बंधे जेवर लेकर फरार हो गया है, जबकि नकली पोटली पीड़ित परिवार के हाथों में थमा दी थी। पुलिस ने इस संबंध में आबिद पुत्र रसीद निवासी गांव अर्थला साहिबाबाद गाजियाबाद, असलम उर्फ युसूफ पुत्र इलयास निवासी ग्राम पांची थाना चांदी नगर बागपत व नगीना पत्नी आरिफा लौनी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 4750 विजिटिंग कार्ड, वैगानार कार, तीन मोबाइल और पीली धातू का सामान बरामद किया है। यह गिरोह घर में घुसकर तंत्र-मंत्र क्रिया करने के नाम पर आभुषण लेकर फरार हो जाते है।







# मामूली सी बात पर 2 पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना से चंद कदम की दूरी पर बीते बुधवार की देर रात लगभग साढ़े दस बजे दो पक्षों में किसी मामूली सी बात को लेकर संघर्ष हो गया। लाठी डंडों व धारदार हथियारों से लैस दोनों पक्ष एक दूसरे की जान लेने पर आमादा हो गए। बीच बचाव करने आए राहगीरों पर भी हमलावरों ने हमला बोल दिया जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई और लोग वाहन छोड़कर भागने लगे।

बुढ़ाना पुलिस ने किसी तरह से स्थिति संभाली और 3 आरोपियों को पकड लिया। बीती देर रात दारा.ेगा संदीप पुलिस संग डड्ूटी से बुढ़ाना कोतवाली लौट रहे थे। जब वे कोतवाली के पास आए तो रोड पर भीड़ थी। जहां पर आसिफ पुत्र अब्दुल क"यूम निवासी नई बस्ती बुढ़ाना, उसके दो साथी और दूसरे पक्ष के राशिद पुत्र याकूब निवासी दिल्ली, आतिफ पुत्र याकूब व 2 अन्य लोग लाठी डंडे व धारदार हथियारों से एक दूसरे पर जानलेवा हमला कर रहे थे। गाली गलौज के बीच दोनों पक्ष खून खराबे पर उतारु थे। राहगीरों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन्हें भी पीट दिया। जिसमें बुढ़ाना निवासी 2 सगे भाइयों को चोटें आई। मारपीट और हथियारों को लहराने से दहशत फैल गई। लोग अपने वाहन छोड़कर इधर उधर भाग गये। पुलिस ने बीच बचाव किया। इस दौरान कई आरोपी लाठी डंडे और हथियारों के साथ भारी भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने प्रथम पक्ष के आसिफ और द्वितीय पक्ष के आरोपी राशिद और आतिफ को पकड लिया।

## छात्रा वंश ने इंटर में जिले में पाया तृतीय स्थान



**बुढ़ाना।** कस्बे के दयानंद इंटर कॉलेज के मेधावी छात्रा वंश संगल ने इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर जिले की टॉप-10 सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वंश ने 89.4 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल कॉलेज बल्कि पूरे बुढ़ाना क्षेत्रा का नाम रोशन किया है। वंश बुढ़ाना तहसील के समीप का रहने वाला है। उसके पिता राजीव संगल ने बताया कि वंश शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है। बृहस्पतिवार देर शाम व्यापार मंडल बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष एवं पड़ोसी राजेश संगल वंश के घर पहुंचे। उन्होंने छात्रा को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और सम्मानित किया।वंश संगल ने बताया कि वह आगे रुड़की से आईटीआई करने का सपना देख रहा है। वंश की इस सपफलता से कॉलेज परिसर व क्षेत्रा में खुशी की लहर है।

# समाज सेवी मुख्तार हुसैन की मजलिस ए सोयम का आयोजन

**भोपा।** जौली में समाजसेवी स्वर्गीय मुख्तार हुसैन के इसाल ए सवाब के सिलसिले में एक मजलिस का आयोजन किया गया।जिसमें गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

मजलिस का आगाज़ मर्सियाखान अली रजा शाहवार हैदर आदि ने किया पेश खानी हैदर ने की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना जिनान असगर मोलाई ने फरमाया ये छोटी सी जिंदगी इन्सान की आजमाइश के लिए है और आखरत की जिंदगी हमेशा के लिए है इसलिए आपको हमेशा सही रास्ते पर चलना चाहिए लोगो को अपनी जिंदगी में रसूल अल्लाह को अपना आइडियल बनाना चाहिए। आलेरसुल पर हुए जुल्म के बयान पर लोग ज़ार ओ कतार रोने लगे। मजलिस के उपरांत फातेहा खानी हुई।

इस अवसर पर पत्रकार महताब हुसैन, जर्रार अहमद, शाहनवाज जैदी, मुख्तार रिज़वी एडवोकेट आज़ादार हुसैन ज़ैदी, एडवोकेट ज़िया मेंहदी ज़ैदी , रज़ा मेंहदी,गादला , सब इंस्पेक्टर सरदार हुसैन, सब इंस्पेक्टर नासिर अली ज़ैदी, सपा वरिष्ठ नेता अज़ीम अली, दिलबर ज़ैदी मेरठ, हुसैन अहमद औरंगाबाद, शबाब आलम, शादाब, हनी, अली, काशिफ, सलमान, मेंहदी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता शहजाद असगर, कंबर अली, हसन मेंहदी, जमाल, हुसैन जाफर, मोहम्मद, असरम, अब्बास, आदि।

## पुराने बस स्टैंड पर अवैध ई-रिक्शा स्टैंड से लगता है जाम

**बुढ़ाना।** कस्बे के पुराने बस स्टैंड पर अवैध रूप से खड़े ई-रिक्शाओं के कारण दुकानदारों का व्यापार ठप्प हो गया है। ई-रिक्शा चालकों द्वारा सड़क पर जाम लगाकर ग्राहकों के दुकान तक पहुंचने का रास्ता बंद करने से दुकानदारों में भारी रोष है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पुराने बस स्टैंड पर सुबह से शाम तक दर्जनों ई रिक्शा अवैध रूप से खड़े रहते हैं। इन ई रिक्शाओं के कारण दुकानों के आगे जाम की स्थिति बनी रहती है। ग्राहक चाहकर भी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे दुकानदार दिनभर खाली बैठने को मजबूर हैं। दुकानदारों ने बताया कि ई-रिक्शा चालक सवारियों के चक्कर में सड़क पर ही वाहनों की लंबी कतार लगा देते हैं। इससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार कहने के बाद भी चालक हटने को तैयार नहीं होते। उल्टा विवाद करने लगते हैं। दुकानदारों का कहना है कि बिक्री भी ना के बराबर ही हो रही है। अब परेशान दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से पुराने बस स्टैंड से अवैध ई-रिक्शा स्टैंड को हटवाने की मांग की है। व्यापारियों ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनका व्यापार पूरी तरह चौपट हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर वे आंदोलन को बाध्य होंगे। उधर चौकी इंचार्ज ललित कसाना ने इनके चालान काटने की बात की है।

## दबंगों ने विद्युत तार तोड़कर ट्यूबवैल की बंद

**बुढ़ाना।** दबंगों ने एक किसान की चलती टड्ूबवैल का विद्युत तार काट दिया। जब दंपत्ति ने इस बात का विरोध किया तो उनके साथ मारपीट हुई। उमन पत्नी संजीव निवासी ग्राम अलीपुर अटेरना ने बु बतलाया कि बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 07 बजे उसका पति संजीव खेतों पर कार्य करने गया हुआ था। उसी समय उसके जेठ के पुत्र आशु और आदित्य, पुत्री सोनम एवं जैठानी गीता खेत पर पहुंचे और टड्ूबवेल के बिजली के तार तोड़ दिए। जिसमे खेतों में पानी जाना बंद हो गया। जब उसके पति संजीव ने उनसे इसका कारण पूछा तो उक्त व्यक्तियों ने उसके साथ गंदी गंदी गालियां देते हुए बुरी तरह मारपीट की। इस दौरान उनके साथ राजबीर आदि ने भी मिलकर संजीव के साथ मारपीट की। जब वह मौके पर पहुंची और बीच बचाव करने लगी तो उक्त सभी लोगों ने उसके साथ भी मारपीट व गाली गलौच की। घटना के दौरान उक्त सभी व्यक्तियों द्वारा उसे एवं उसके पति को जान से मारने की धमकी दी गई। जिस में वह अत्यंत भयभीत हैं। यह घटना पहली बार नहीं है। इससे पूर्व भी उक्त लोग उसके व उसके परिवार के साथ इसी प्रकार की हरकत कर चुके हैं। घटना के दौरान एक आरोपी वीडियो बना रहा था। जब उसने व उसके पति ने उसे मना किया तो उसने भी उनके साथ मारपीट की। उक्त लोगों द्वारा की गई इस हरकत से वह और उसके पति को शारीरिक चोटें आई है तथा खेत में नुकसान भी हुआ है। मुझे आशंका है कि भविष्य में भी उक्त लोग कोई गंभीर घटना कर सकते हैं। पीड़िता ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# पुरकाजी में बेटियों का जलवा, हाईस्कूल परिणाम में रचा इतिहास



**पुरकाजी।** कस्बे के लाल सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शानदार रहा, जिसमें एक बार फिर बेटियों का दबदबा साफ नजर आया। छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय ही नहीं, पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।हाईस्कूल परीक्षा में हुस्ना मलिक (पुत्री सलीम अहमद) ने 92: अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, साथ ही जिले में भी नौवां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। वहीं परिधि सिंगल (पुत्री पंकज सिंगल) ने 91.25: अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। आफिया अंसारी (पुत्री अमीर आलम) ने 88.33: अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 99: रहा, जो कि उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है।

इंटरमीडिएट परीक्षा में भी छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। आयुषी बागवान (पुत्री राजदेव) एवं दीप्ति (पुत्री नरेंद्र) ने 80.20: अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपक कुमार (पुत्र अरविंद कुमार) ने 79.80: अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नाजिया (पुत्री सलीम) ने 79.20: अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने भी छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

## भोकरहेड़ी की आफरीन व निहां ने किए उच्च अंक प्राप्त



**मोरना।** इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी का हाई स्कूल परीक्षा का परीक्षा परिणाम 99.5 प्रतिशत रहा है तो वहीं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 84: रहा वहीं हाई स्कूल परीक्षा में आफरीन ने प्रथम निहां ने दूसरा स्थान तथा माही ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी के परीक्षा परिणाम के संबंध में प्रधानाचार्य कैप्टन प्रधानाचार्य ने बताया कि इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत व हाई स्कूल का 99. 5 प्रतिशत रहा हाई स्कूल परीक्षा में विज्ञान वर्ग की छात्रा आफरीन ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व 88.5 प्रतिशत अंक हासिल कर छात्रा निहां सालेह सिद्दीकी ने दूसरा स्थान व छात्रा माही ने 84.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्रा निहां सालेह सिद्दीकी पत्रकार काजी अमजद अली की पुत्री हैं। निहां सालेह की सफलता पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल व प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने बधाई देते हुए सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अज़ीज़ फातिमा हाईस्कूल का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के हिण्डन ब्रिज पर स्थित अज़ीज़ फातिमा हाईस्कूल ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा 2026 में लगातार शत प्रतिशत परिणाम देकर अपना परचम लहराया है। बृहस्पतिवार को घोषित परिणामों में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र दानिश ने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वहीं मोहम्मद समीर ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और उमरा नदीम ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नूर मोहम्मद ने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। चौथे नंबर पर छात्रा सुम्मैया ने 85 प्रतिशत तो छात्रा इंजीला नूर ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थानघ्ध प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद अहमद व प्रधानाचार्य नूर मोहम्मद ने सभी छात्र छात्राओं को उनकी सफलता पर मुबारक. बाद दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता मिली है। प्रबंधक ने टॉपर छात्रों को सम्मानित करने की बात कही। परिणाम आने के बाद स्कूल में खुशी का माहौल था। छात्र छात्राओं ने एक दूजे को मिठाई खिला खुशी जाहिर की।

## जमीन बंटवारे को लेकर खूनी संघर्ष

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के गांव कुरथल में बीती देर रात जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि बड़े भाइयों ने छोटे भाई ब्रह्म सिंह पर लाठी डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना बीती बुधवार की देर रात लगभग 10 बजे की है। घायल ब्रह्म सिंह ने बतलाया कि उनके परिवार में लम्बे समय से जमीन के बंटवारे को लेकर तनातनी चल रही है। उसके हिस्से में करीब ढाई से तीन बीघा जमीन आती है। जिसे बड़े भाई देने से इंकार कर रहे हैं। बुधवार रात इसी बात पर कहासुनी हो गयी। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। ब्रह्म सिंह का आरोप है कि बड़े भाइयों ने एकजुट होकर उस पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और उसकी बहनें मौके पर पहुंची और बीच बचाव कर किसी तरह उसे हमलावरों से छुड़ाया। घायल अवस्था में ब्रह्म सिंह बुढ़ाना कोतवाली पहुंचा। तब बुढाना पुलिस ने तत्काल उसका मेडिकल परीक्षण करवाया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने बतलाया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सौ दिवसीय क्षय रोग जांच कैंप का हुआ शुभारंभ

**बुढ़ाना।** जिला मुजफ्फरनगर के सीएमओ डाक्टर सुनील तेवतिया के निर्देश व जिला टीबी अधिकारी डाक्टर लोकेश गुप्ता के नेतृत्व में बृहस्पतिवार के दिन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में स्वास्थ्य विभाग के बैनर तले 100 दिवसीय वर्जन टू विशेष क्षय रोग जांच कैम्प का शुभारंभ हुआ। जिसमें आधुनिक तकनीकी के माध्यम से खांसी, जुकाम व नजले के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई ताकि पूरे कस्बे को टीबी बीमारी से मुक्त किया जा सके। कैंप की मुख्य विशेषता हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स रे मशीन थी। जिसके माध्यम से मरीजों के पफेपफड़ों की जांच की गई। यहां के प्रभारी डाक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि जिन मरीजों के एक्स रे में टीबी के लक्षण या कुछ संभावना पाई जा रही हैघ् उनके बलगम के नमूने भी लिए जा रहे हैं। इन्हीं नमूनों की अतिरिक्त जांच भी कराई जाएगी ताकि बीमारी की पुष्टि कर तत्काल इलाज शुरू किया जा सके। पोर्टेबल मशीन होने के कारण मरीजों को लंबी दूरी तय किए बिना कस्बे में ही आधुनिक जांच की देखने को सुविधा मिली। इस कैंप का उद्घाटन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप ने अपने कर कमलों द्वारा दर्जनों मरीजों स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी में पफीता काटकर किया। यहां टीबीएचवी प्रतीक भारद्वाज, एक्स रे टेक्निशियन राजेश कुमार सिंह, एसटीएलएस विजय कुमार, वार्ड ब्वाय राजू शर्मा, आशा कार्यकत्राी रीना, रुपन मौजूद थी। यहां पोर्टेबल मशीन आकर्षक का केंद्र बनी रही।

# होली चाईल्ड के छात्र-छात्राओं ने रचा सफलता का इतिहास




**मुजफ्फरनगर।** यू0पी0 बोर्ड के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित हुआ। हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर के छात्र और छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर जिले की मैरिट में इण्टरमीडिएट में 9 वीं रैंक प्राप्त कर आँचल सैनी ने अपने माता-पिता और गुरूजनों का नाम रोशन किया। बोर्ड का परिणाम घोषित होते ही छात्रों और अभिभावकों में हर्ष की लहर दौड गयी। विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा।

हाईस्कूल में विद्यालय में हर्षित गुप्ता 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, इरम ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, अवनिका ने 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इण्टरमीडिएट में आंचल सैनी ने 88.6 प्रतिशत अंक जिले में 9 वां स्थान व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में आयशा ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, हर्षित कुमार व सादिका रहमान ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में विद्यालय का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा और इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल 98 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य डॉ0 प्रवेन्द्र दहिया, अंकित चौधरी, विकास भार्गव, जितेन्द्र कुमार, रूपेश कुमार, शुभम कुमार, पी0के0 मिश्रा, अजीत सिंह, सतकुमार ने सभी छात्र व छात्राओं को उनकी अपार सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# मजदूर की बेटी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में पाया दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव बेलडा निवासी मजदूर परिवार की बेटी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 90: अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया है बेटी की सफलता पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। गणमान्य व्यक्तियों गांव के लोगों ने घर आकर छात्रा को बधाई दी है।



गांव बेलडा निवासी छात्रा सानवी जनता इंटर कॉलेज भोपा की छात्रा है सानवी ने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में उन्होंने 90: अंक प्राप्त किए हैं उन्होंने 500 अंकों में से 450 अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया है उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में भी उकॉलेज में टॉप किया था छात्रा सानवी के पिता अनुज कुमार मजदूरी करते हैं परिवार में माता डोली दादा महिपाल बड़ी बहन प्रियांशी छोटी बहन परिधि हैं। ताई ममता तहेरे भाई आर्यन व सजल सभी सानवी की सफलता से खुश हैं।जनता इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य संजय सिंह व कक्षा अध्यापक अश्विनी कुमार ने छात्रा को शुभकामनाए दी हैं

# जिले की मेरिट में छाए लाला जगदीश प्रसाद के छात्र

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में जिले की मेरिट में चौथा तथा छठा स्थान प्राप्त किया। जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में एक छात्र ने जिले की मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय के छात्र वंश कुमार ने 93. 33 : अंकों के साथ विद्यालय को टॉप करते हुए जिले की मेरिट में चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं अनंत कुमार ने 92.50 : अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय तथा जिले की मेरिट में छठा स्थान प्राप्त किया। ओम आश्रावाल ने 90.17 : अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में हर्षित जैन ने 90.0 : अंकों के साथ विद्यालय को टॉप किया और साथ ही जिले की मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



कुलदीप कुमार ने 84.20 : अंकों के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि यश कुमार ने 83.80 : अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृषि संकाय में कक्षा 12 में अनंत खरब ने 80.90 : अंकों के साथ प्रथम तथा आकर्ष बालियान ने 79.63 : अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि शिवम चौधरी ने 79.45 : अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के उपप्रबंधक ज्ञानचंद संगल एवं वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार ने टॉपर छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रबंध समिति की ओर से सभी मेधावी छात्रों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदानकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सूरत सिंह वर्मा, प्रबंधक बाल बहादुर , उपप्रबंधक ज्ञानचंद संगल, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन ने समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रदान की।

# पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कम्पनी गार्डन में किया पौधारोपण

**मुजफ्फरनगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब मुजफ्फरनगर लक्ष्मी द्वारा कम्पनी गार्डन स्थित चिल्ड्रन पार्क में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत फूल, फल एवं छायादार कुल 40 पौधों का रोपण कर हरित संदेश दिया गया।। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायन्स क्लब मुजफ्फरनगर लक्ष्मी के अध्यक्ष पंकज मोहन गर्ग के अलावा मुकेश अरोरा, अंजू अग्रवाल, डॉ. अनुराधा वर्मा, वन्दना, रेखा गर्ग, शमा मित्तल, शशि गुप्ता, रेणु अग्रवाल, इंजी. अशोक अग्रवाल, अखिलेश गुप्ता, हरि भूषण, डॉ. अरूण अरोरा, प्रदीप मित्तल, सभासद अमित पाल, सभासद हकीम इरशाद अंसारी, वाटिका सुपरवाइजर दुष्यंत चौधरी, मौहम्मद सालिम आदि मौजूद रहे।



## विश्व पुस्तक दिवस पर प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के लाइब्रेरियन को किया गया सम्मानित

**मुज़फ्फनगर।** राजकीय जिला पुस्तकालय प्रभारी की अध्यक्षता में विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ राजीव कुमार द्वारा विश्व पुस्तक दिवस एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर पुस्तकें हमारी मित्रा विषय पर कार्यशाला एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। सपफल प्रतिभागियों कु.कनन जैन व कु. शिवाक्षी को विकसित उत्तर प्रदेश /2047 पुस्तकें भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के प्रतिष्ठित महाविद्यालय श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज के लाइब्रेरियन अनित चौधरी, रेखा त्यागी, श्रीमती सुमन भाटिया व एस डी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की लाइब्रेरियन शुमायला को राष्ट्रीय ध्वज तथा विक. सित उत्तर प्रदेश /2047 पुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया गया।

उक्त आयोजन में विशाल कुमार, अजय कुमार व विद्यार्थी एव पाठक शामिल रहे।

# निशांत ने इंटर में पूरे जिले में पाया तृतीय स्थान

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव खिजरपुर मदीनपुर के निवासी निशांत कश्यप ने इंटर मीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निशांत ने 500 में से 447 अंक यानि कि 89. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मुजफ्फरनगर जिले में तृतीय स्थान हासिल किया है। कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने गांव खिजरपुर मदीनपुर पहुंचकर मास्टर वीरेंद्र कश्यप के पुत्र निशांत कश्यप को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि निशांत की मेहनत व लगन ने पूरे समाज व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। निशांत की इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों व ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। शिक्षकों ने बताया कि निशांत शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रहा है। नियमित अध्ययन और फिर अनुशासन की बदौलत ही उसने यह मुकाम हासिल किया है। निशांत ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, गुरुजनों व ईश्वर को दिया। उसने कहा कि वह आगे भी इसी तरह मेहनत कर क्षेत्र का नाम रोशन करता रहेगा। ग्रामीणों ने निशांत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डाक्टर सोनू कश्यप ने होनहार छात्र निशांत को माला और पगडी पहनाकर सम्मानित किया तो परिजनों की खुशी में और भी इजाफा हो गया।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# व्यापारियों की समस्या सुनने पहुंचे राव वारिस

**☐ पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने टैक्स मे समाधान कराने का दिया आश्वासन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में लागू की गई स्वकर प्रणाली को लेकर लगातार बढ़ रहे विरोध के बीच पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने व्यापारियों व नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान व्यापारियों ने जोरदार तरीके से अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर पंचायत प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया।कस्बे के नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से स्वकर प्रणाली के तहत टैक्स निर्धारण में भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं। आरोप है कि निर्धारित मानकों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से टैक्स लगाया जा रहा है। कई लोगों ने बताया कि जिन घरों में पानी की टंकी कनेक्शन तक नहीं है उनसे भी पानी कर वसूला जा रहा है जो पूरी तरह अनुचित है। व्यापारियों ने यह भी बताया कि जहां जनपद शामली की अन्य नगर पालिकाओं में लगभग 10 पैसे प्रति वर्ग फुट के हिसाब से टैक्स निर्धारित है वहीं थानाभवन में यह दर बढ़ाकर 60 पैसे प्रति वर्ग फुट तक कैसे कर दी गई है जिससे आम नागरिक और व्यापारी वर्ग दोनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।इस मुद्दे को लेकर व्यापारी नेता संजीव चावला, सचिन, कुलदीप गर्ग, मा.शहजाद, सलीम सैफी, शाकिर, सहित कई नागरिक पहले भी विरोध दर्ज करा चुके हैं। पूर्व में सपा नेता शेर सिंह राणा भी व्यापारियों के समर्थन में पहुंचे थे।इसी क्रम में पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस का व्यापारियों के बीच पहुंचना क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए स्पष्ट कहा कि जनता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और इस मामले को उच्च स्तर तक उठाकर जल्द समाधान कराया जाएगा।इस दौरान व्यापारियों ने पूर्व विधायक को चौधरी जयंत सिंह के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें स्वकर प्रणाली की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस ने अपने संबोधन में कहा कि वह हमेशा क्षेत्र की जनता के हितों के लिए खड़े रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है और इस मामले में भी जल्द सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।राव अब्दुल वारिस के आश्वासन के बाद व्यापारियों और नागरिकों में उम्मीद जगी है कि उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का शीघ्र समाधान होगा। क्षेत्र में उनके इस सक्रिय हस्तक्षेप की सराहना की जा रही है और लोगों ने उनके प्रयासों को जनहित में एक सकारात्मक पहल बताया।

# सीडीओ ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति शामली की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहट की गई जिसमें टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शहरी चिकित्सा इकाइयों में उपलब्धि कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को चेता. वनी पत्र देने हेतु निर्देश किए गए। मातृ मृत्यु की समीक्षा की आख्या रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।

ऑनलाइन ओपीडी पर्ची के क्रम में अच्छी उपलब्धि हेतु सभी को निरंतर अच्छी स्थिति बनाने हेतु निर्देशित किया साथ ही नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करना में




ऑनलाइन ओपीडी पर्ची तथा इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड की उपलब्धि शून्य होने पर संबंधित चिकित्सा अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अतुल बंसल, डॉ. अश्विनी शर्मा, डॉक्टर अथर जमील,डॉक्टर विनोद कुमार, डॉक्टर कृष्ण गोपाल, आशुतोष , जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, फहीम ,जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर ,नितिन, आदि उपस्थित हुए।

## ट्रैक्टर सवार मां-बेटे को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिलौन में ट्रैक्टर सवार सवार मां-बेटे को टक्कर मारकर गाली गलौच की। आरोप है कि विरोध करने पर उन लोगों ने मां-बेटों को मारपीटकर घायल कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी महताब अली पुत्र इसाक अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत शाम उसका बेटा साकिब और पत्नी गुडडी के साथ ट्रेक्टर पर सवार होकर खेत के लिए गए थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही संजीव व रामकिशन दो अज्ञात लोगों के साथ कार में सवार होकर आये और ट्रेक्टर में टक्कर मारकर गाली गलौच की। बाद में घर के बाहर पहुंचने पर उक्त लोगों ने मारपीट की और मां-बेटे को घायल कर दिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गलत लोगों के बहकावे में आकर रूपए के साथ जान से धोना पड़ा हाथ

**☐ पीड़ित पिता ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला सहित छह लोगों के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन** ।कस्बे के मोहल्ला जोगयान निवासी सलीम 60 वर्ष पुत्र रसीद ने न्यायालय के आदेश पर थाना भवन थाने में दर्ज मुकदमे में आरोप है कि उसने मेहनत मजदूरी कर जमा की पूंजी अपने पुत्र दानिश 25 वर्ष को रोजगार करने के लिए लगभग 18 लाख रुपये दिए थे लेकिन वह सौरभ, गौरब, सिन्टू पुत्रगण प्रदीप, अंकित, व भूरी महिला के बहक. ावे में आकर दानिश ने सौरभ व उसके पिता प्रदीप के खाते में लगभग 7 लाख रुपये फोन पे से ट्रांसफर कराये व 10 लाख रुपये नकद बिजनेस के लिए दिए स 9 जनवरी 2026 को सौरभ के दोस्त अंकित का फोन आया की दानिश की तबीयत खराब है हम उसे तुम्हारे घर लेकर आ रहे हैं नीरज और सौरव दोनों घर लेकर आए और उसे वहां छोड़कर फरार हो गए। उसके बाद हमने उसे जगह-जगह डॉक्टर के पास दिखाया लेकिन इससे कोई फायदा नहीं हुआ उसके बाद हम उसे ऋषिकेश एम्स में लेकर जा रहे थे तभी उन लोगों का फोन आया कि तुम अपने पिता को कह दो कि हमने पैसे दे दिए हैं नहीं तो तुम्हें अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा।

इसके बाद उसकी रास्ते में ही मौत हो गई फिर हम दानिश के शब को थाना भवन लेकर आये उसके बाद पीड़ित अपनी पत्नी के साथ आरोपी प्रदीप के घर बात करने पहुंचा तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी वामुश्किल कस्बे के कुछ लोगों ने वहां पहुंच कर मेरी जान बचाई।

घटना के बाद पीड़ित ने 27 जनवरी को थाना भवन थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद 5 फरवरी 2026 को एक प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा एसपी शामली को भेजा स पुलिस में सुनवाई न होने के बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली न्यायालय के आदेश पर थाना भवन पुलिस ने पिता पुत्र व महिला सहित 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी हैं।

# मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित माता वाले बाग मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापना को लेकर गुरुवार सुबह भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा की शुरुआत पंच तीर्थ मंदिर से विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ हुई जहां से श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर माता वाले बाग मंदिर तक पहुंचे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं का



स्वागत भी किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा नजर आया।मंदिर प्रांगण में पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंदिर समिति के सदस्य सनी जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन कई दिनों तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निक. ाली जाएगी जबकि 30 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ मूर्ति स्थापना का मुख्य कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में बगलामुखी माता, शेरावाली माता, अन्नपूर्णा माता, खाटू श्याम, राम दरबार एवं पंचमुखी हनुमान जी सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां विधिवत स्थापित की जाएंगी। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे जिनमें सनी जिंदल, कविराज कंसल, सुशील, मुकेश, संजीव गुप्ता, पंडित अरविंद कौशिक, सुधा, राधा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था और एकता की मिसाल पेश की है वहीं आने वाले दिनों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है।

# अभिषेक ने जेईई मेंस में मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कावेंट स्कूल छात्र अभिषेक मित्तल ने जेईई मेनस 2026 परीक्षा में 94.39 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम गर्व से रोशन किया है।

विद्यालय के सभी शिक्षकगण और प्रधानाचार्या उजमा ज़ैदी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यकुत की और अभिषेक की सफलता पर हर्ष जताया। प्रधानाचार्या कहा सफलता वही प्राप्त करते हैं, जो अपने लक्ष्य को पहले से निर्धारित



कर निरंतर परिश्रम करते हैं। लक्ष्य के प्रति समर्पण और सतत प्रयास ही सफलता की कुंजी है। कहा कि अभिषेक की सफलता न केवल विद्यालय का नाम रोशन करती है, बल्कि अभिभावकों का भी मान बढ़ाती है और समाज में उनका सम्मान बढ़ाता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर होकर निरंतर प्रयास करने की सलाह दी। अभिषेक के माता-पिता, प्रीति मित्तल और कुमार मित्तल ने अपने पुत्र की सफलता पर गर्व व्यकुत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय और शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।

# हत्या का मुकदमा दर्ज कराने को एमएलसी से मिले परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी 30 वर्षीय युवक की हुई मौत के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई न होने पर गुरुवार को पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचकर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी राजवीर का 30 वर्षीय पुत्र चार दिन पूर्व गांव पंजोखरा के निकट रेलवे ट्रैक के पास गंभीर हालत में पड़ा मिला



था। युवक की एक टांग कटी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को युवक की मौत हो गई थी।शव पीएम होने के बाद गांव पहुंचने पर परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया था।इसके बाद देर रात परिजन थाने पहुंचे और हंगामा करते हुए मामले में हत्या की आशंका जताई, लेकिन कार्रवाई न होने से नाराज होकर गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे। दर्जनों ग्रामीण और पीड़ित परि. जनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। पूर्व मंत्री ने पुलिस अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर मामले में निष्पक्ष जांच और हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शिशु वाटिका में विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल शिशु वाटिका में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में कक्षा अरुण के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शिक्षा की ओर अपना पहला कदम बढ़ाया। शिक्षा की मुख्यधारा में प्रवेश करने से पहले बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए विद्यारम्भ संस्कार अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस पावन अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन, संजय सैनी, रविंद्र कुमार, प्रबंध समिति अध्यक्ष चंचल गोयल और मीनाक्षी शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संच. ालन स्वाति जैन ने किया। पल्लवी ऐरन ने बताया कि धर्म ग्रंथों के अनुसार संस्कारों और शिक्षा से व्यक्ति का जीवन संवर जाता है और विद्यारम्भ संस्कार, सोलह संस्कारों में दसवें स्थान पर आता है। यह संस्कार बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करता है, जिससे उनका बौद्धिक और मानसिक विकास सुनिश्चित होता है। मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि हिन्दू धर्मशास्त्रों में भी विद्यारम्भ संस्कार की अनिवार्यता बताई गई है, जैसा कि मनुस्मृति में उल्लेखित है। मौके पर बिंदिया बिंदल ने श्रीराम भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सोनी, रूबी, काजल, नीतू, चांदनी, सोमदत्त शर्मा, रुचि, राशि सारिका, स्वाति बंसल, प्रियंका, मनु सहित मौजूद रहे।

# लीकेज गैस सिलेंडर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की इदरीश बैग बिहार कॉलोनी में गुरुवार सुबह गैस सिलेंडर में लीकेज होने से एक मकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया, जबकि रसोई में खाना बना रही महिला मामूली रूप से झुलस गई।

थाना क्षेत्र के इदरीश बैग बिहार कॉलोनी निवासी आरिफ मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। गुरुवार सुबह उसकी पत्नी सुनेना घर में गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस लीकेज हो गई और चिंगारी लगते ही आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे मकान को



अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

आग की चपेट में आने से सुनेना भी मामूली रूप से झुलस गई, जिसे परिजनों द्वारा नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। आग लगने पर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से जानकारी ली।पीड़ित परिवार ने प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

# शिक्षा के लिए आगे आया किसान जागृति ट्रस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला में सामाजिक सरोकार का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। यहां किसान जागृति ट्रस्ट द्वारा अनाथ बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए समाज में मानवता का संदेश दिया गया। ट्रस्ट के पदा. धिकारियों ने लक्षित चौहान, आरुष चौहान व दो वर्षीय मासूम मिश्री के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके संरक्षक प्रदीप सिंह को दस हजार की सहयोग राशि का चेक भेंट किया।बताया कि तीनों बच्चे पारिवारिक परिस्थितियों के चलते शिक्षा से वंचित होने की कगार पर थे।

इस स्थिति को देखते हुए



किसान जागृति ट्रस्ट ने पहल करते हुए उनकी पढ़ाई जारी रखने का जिम्मा उठाया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मैनपाल चौहान ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे किसी भी बच्चे का भविष्य संवर सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंद और असहाय बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़े। ट्रस्ट के सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना भी है। जिससे अधिक से अधिक लोग इस तरह के नेक कार्यों में भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जवान सिंह, बाबू ईसम सिंह, राजपाल सिंह बलवा, रामपाल बलवा, सतगामा के थाबेदार अनिल चौधरी, भवर सिंह, रमेश, मैनपाल आढ़ती, टीनू सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन ठगी से 1.05 लाख रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा ऑनलाइन ठगी कर ली। ठगों ने युवक के खाते से दो अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर 95 हजार रुपयों निकाल लिए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी आस मोहम्मद ने बताया कि गुरुवार सुबह उसके मोबाइल फोन पर दो एसएमएस प्राप्त हुए। पहले संदेश में 49 हजार रुपये और दूसरे में 46 हजार रुपये खाते से कटने की सूचना मिली। अचानक खाते से इतनी बड़ी रकम निकलने की जानकारी मिलते ही उसके होश उड़ गए।पीड़ित तत्काल बैंक पहुंचा और मामले की जानकारी ली, लेकिन वहां से उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। बैंककर्मियों ने आशंका जताई कि यह मामला साइबर ठगी से जुड़ा हो सकता है। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और साइबर सेल को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।पीड़ित का कहना है कि उसने किसी अज्ञात कॉल या लिंक पर जानकारी साझा नहीं की, फिर भी उसके खाते से रकम कट गई, जिससे वह काफी परेशान है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# स्मार्ट मीटर बनने लगे परेशानी के सबब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** स्मार्ट मीटर योजना अब उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और सुविधा प्रदान करना था, वही आज यह नीति मध्यवर्गीय और दैनिक आय पर निर्भर परिवारों के लिए आर्थिक और मानसिक बोझ बन गई है। इस विरोध को लेकर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री गौरव रुहेला, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा नमन गोयल और जिला अध्यक्ष शुभम गर्ग के नेतृत्व में गुरूवार को शहर के व्यापारीयों ने अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया।



व्यारियों ने अधीक्षण अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर व्यापारीयों ने मांग की कि प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए और इसे उपभोक्ता की स्वीकृति के आधार पर लगाया जाए। मांग की कि उपभोक्ता को प्रीपेड मीटर की 5 साल की गारंटी दी जाए और उसका गारंटी कार्ड मीटर लगाते समय उपलब्ध कराया जाए। प्रीपेड मीटर लगाने के समय उपभोक्ता को उसके संचालन से संबंधित मैन्युअल उपलब्ध कराया जाए। प्रीपेड मीटर लगाए जाते समय उपभोक्ता के मोबाइल में संबंधित ऐप डाउनलोड करने की व्यवस्था की जाए। सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर उपभोक्ता को दिए जाएं और ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाए। प्रीपेड मीटर के तेज चलने की शिकायतों के लिए एक स्वतंत्र लैब की स्थापना की जाए, जहां उपभोक्ता अपने मीटर की जांच कर सके और रिपोर्ट के आधार पर बिलिंग में सुधार किया जाए। नए विद्युत कनेक्शन के लिए एस्टीमेट के नाम पर भारी अनियमितताओं पर रोक लगाई जाए और उपभोक्ता को कार्यालय बुलाए जाने की व्यवस्था समाप्त की जाए।

प्रीपेड मीटर के पोर्टल को इतना प्रभावी बनाया जाए कि पैसे की राशि जमा होने पर तुरंत पोर्टल पर दिखे और कनेक्शन को 5 मिनट में पुनः चालू किया जा सके। इस अवसर पर कन्हैया संगल, विनोद गोत्रा, संजीव, सतीश संगल, जावेद अंसारी, सचिन शर्मा, सागर, अंकुर, रोबिन संगल, यूनिस, राहुल नामदेव उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौसरहेंड़ी गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 27 वर्षीय युवक अपने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिस बल मौके पर पहुँचा।



मिली जानकारी के अनुसार, मृतक इस्तकार (27), पुत्र इरफान ने बुधवार रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गया था गर्मी के कारण उसकी पत्नी और बच्चे बाहर बरामदे में सो रहे थे गुरुवार सुबह जब काफी देर तक इस्तकार कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने उसे जगाने का प्रयास किया। अंदर से कोई हलचल न होने और कोई जवाब न मिलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई इसके बाद, आनन-फानन में दरवाजा तोड़ा गया अंदर का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए इस्तकार का शव फर्श पर पड़ा था। घटना की सूचना फतेहपुर पुलिस को दी गई कार्यवाहक थाना अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीओ सदर मुनीष चंद्र को सूचित किया गया सीओ सदर ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

प्रारंभिक स्थिति में ग्रामीण और परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने को लेकर असहमत थे लेकिन पुलिस अधिकारियों द्वारा स्थिति की संवेदनशीलता समझाए जाने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

इस्तकार अपने घर में दो भाइयों में सबसे बड़ा था उसकी शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी घटना ने हंसते खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं वह अपने पीछे दो मासूम बेटियां (3 वर्ष और 1 वर्ष) छोड़ गया है इस दुखद घटना के बाद मृतक की पत्नी और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## पहलगाम हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**सहारनपुर।** महानगर कांग्रेस कार्यालय पर पहलगाम हमले में शहीद हुए भारतीय सैनिकों एवं नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश के वीर जवानों और निर्दोष नागरिकों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने हमले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाओं की सच्चाई सामने आनी चाहिए, ताकि दोषियों को सख्त सजा मिल सके। प्रार्थना सभा में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# टैंट हाउस में जला लाखों का सामान

**गागलहेड़ी।** कैलाशपुर गांव में बीती रात राजा टेंट हॉउस में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया हैं वही सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मियों द्वारा आग पर बमुश्किल काबू पाया गया और थाना पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव कैलाशपुर में गुरुवार की बीती रात में राजा टेंट हॉउस में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया आग शार्ट सर्किट होने की वजय से बताई जा रही है।आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते टेंट हॉउस में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया पीड़ित दुकान मालिक सुरेश चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात लगभग 12 बजे आग लगी और गोदाम में रखा लाखों का टेंट



का सामान व तीन मोटरसाईकिल और एक छोटा हाथी जलकर खाक हो गया और दो मंजिला बिल्डिंग गोदाम भी जर्जर हो गया है। आग लगने की सूचना थाना पुलिस व दमकल विभाग को दी गई दमकल विभाग कर्मी दो गाड़िया के साथ मौके पर पहुंचे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आग इतनी भयंकर थी कि गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया कई बार दलकल की गाड़िया पानी टेंक भर कर आग बुझाने में लगी तब कही जाकर आग को काबू कर लिया गया। वही भारतीय खटीक महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जोहरी ने सरकार से पीड़ित दुकान स्वामी को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# सड़क हादसे ने ली महिला की जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव बढ़ेड़ी घोघू में बृहस्पतिवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने सामने की टक्कर में हरियाणा से आई एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय गांव बढ़ेड़ी घोघू के पास कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार महिला श्रीमती रविता (पत्नी मदन, निवासी रायपुरा, जिला करनाल, हरियाणा) की मौके पर ही दुखद मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में बढ़ेड़ी घोघू निवासी मोहित (पुत्र राजेंद्र) गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुँची घायल मोहित को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में ले लिया है और पंचायतनामा की आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और मामले की जांच की जा रही है। इस दुखद हादसे ने हरियाणा के रायपुरा निवासी परिवार में मातम फैला दिया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर आगामी कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## अभियान चलाया

**सहारनपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर सघन जांच करते हुए स्कूली वाहन चालकों एवं संच. ालकों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने इस दौरान सभी विद्यालय संचालकों को अपने वाहनों का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण से वाहनों की निगरानी, सुरक्षा मानकों का अनुपालन तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराना आसान हो जाता।

# नानौता में बिजली घर पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नगर पंचायत चेयरमैन पति अफजाल खान मौजूदगी में 33/11 विद्युत उप केन्द्र बिजली घर पर लोगों ने एकत्रित होकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं के घरो में लगाये गए प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में विद्युत अधिकारी एसडीओ अंशुमन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन दिया।

बढती गर्मी में प्रीपेड स्मार्ट मीटर के माध्यम से शून्य बेलेंस पर सप्लाई बन्द कर दी जाती है जिस से तंग आकार नानौता की जनता ने ज्ञापन के माध्यम से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है,दिए गए ज्ञापन पात्र



में कहा गया है कि हमारे यहाँ विद्युत विभाग का बिजली घर नम्बर 33/11 है जो काफी समय से क्षेत्र के लोगो को विद्युत सप्लाई करता चला आ रहा है लगभग सभी क्षेत्र वासियो के यहाँ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिये गये है पिछले दिनो से स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मोड पर डाल दिया गया है जिस कारण मीटर मे प्रर्याप्त धनराशि न होने के कारण विद्युत सप्लाई बन्द हो जाती है जिससे जनता को काफी परेशान का सामना करना पडता है क्षेत्र के अधिकतर लोग मजदूरी पेशा व्यक्ति है। तो अपने विद्युत मीटर को पहले से रिचार्ज नही कर पाते मुख्यमंत्री से सविनय क्षेत्र की जनता प्रार्थना करती है कि लगाये गये प्रीपेड स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मोड से हटाकर मासिक बिलिंग स्टेज पर लगाया जाये जिससे क्षेत्र की जनता समय से बिलो का भुगतान कर विद्युत का प्रयोग कर सके।

इस दौरान सलमान मलिक, नसीम सिद्दीकी, दिग्विजय सिंह उर्फ बन्टी,राजू पाल, पूर्व सभासद दानिश मलिक, सभासद शाहीद खान उर्फ कालू, सादिक सेफी, शमशेर खान, वाजिद मलिक, नईम प्रधान, मुस्तकीम मंसूरी, महरबान चौधरी, सभासद फराज सिद्दीकी, नूर मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

# पोस्टर बनाए, निकाली रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल फोर्स के सहयोग से विभिन्न वार्डो में स्वच्छता गोष्ठियां आयोजित की गयी। स्कूली छात्राओं द्वारा जनजागरुकता रैली भी निकाली गयी और पोस्टर बनाकर लोगों को जागरुक किया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आईईसी के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा की देख-रेख मे विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम सहारनपुर, द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं फोर्स के सहयोग से वार्ड नंबर 65 स्थित राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा वार्ड 46 स्थित श्री भूतेश्वर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें अपने आसपास के परिवेश को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रकार के आकर्षक पोस्टर भी बनाए। जिसके बाद रैली निकाली।

इसी कड़ी में वार्ड संख्या 29, बेरी बाग में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण पर कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को साफ सफाई एवं कूड़ा कचरा निगम के कर्मचारी को देने के लिए प्रेरित किया गया।

# मौहम्मद अहमद शाह का 98 वा उर्स मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सहारनपुर-विक. ासनगर हाइवे पर तहसील बेहट क्षेत्र में शिवालिक पहाड़ियों के बीचो-बीच स्थित हजरत मोहम्मद अहमद शाह (नौगजा पीर) का 98 वा उर्स मनाया गया।

उर्स का उद्घघाटन भाजपा नेता अभय राणा एवं कांग्रेसी नेता हाजी अतीक मिर्जा ने फीता काटकर एवं शमा रोशन कर किया। इसके बाद जायरीनो ने नौगजा पीर की दरगाह पर चादर चढ़ाई। इस दौरान अभय राणा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक एवं समाजिक आयोजन हमारी सभ्यता की पहचान है ओर ऐसे आयोजनो से हमारे भाईचारे ओर आपसी सौहार्द को मजबूती मिलती है।



वार्ड नंबर 9 से जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता रामकिशन उर्फ रामू चौधरी ने कहा कि हिंदुस्तान सूफी संतो का देश है। उर्स के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल रहमान उर्फ शालू, हमजा मसूद, सूर्य प्रताप सिह राणा, वरिष्ठ समाज सेवी हाजी अतीक मिर्जा, डॉक्टर अब्दुल माजिद, शिफाउल मलिक ने भी शिरकत की। इस मौके पर सभी अतिथियों का सुफिजम शान ए हिंद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व सज्जादा नशीन सैय्यद जमुर्रत हुसैन ने शॉल उढाकर फुल मालाओ से स्वागत किया। चादर पोशी के बाद महफिल ए कव्वाली का भी आयोजन किया गया, जिसमे कव्वालो ने अपने कलाम पेश किए। देर रात तक कव्वालियो पर श्रोता झूमते रहे। इस मौके पर सैय्यद मुकर्रम हुसैन , पत्रकार गुड्डू पीरजादा,उमर पीरजादा, खादिम अहमद वारसी, सैय्यद इंतेजार, यासिर हुसैन, आसिफ अली साबरी, सैय्यद गुल, सैय्यद इमरान, सैय्यद उबेद, अलीशान, शाहनवाज उर्फ पप्पू,आसिफ, मारूफ पीरजादा, राव अनवर मोहम्द आमिर, अनीस मलिक सहित काफी संख्या मे जायरीन मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने आए युवक की बाइक गायब

**चिलकाना।** गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने आये युवक की बाइक वहाँ से गायब हो गई। युवक ने बाइक चोरी का संदेह जताते हुए थाना पर तहरीर देकर बाइक बरामद कराये जाने की मांग की।

पीड़ित अंकुर पुत्र बलवान निवासी ग्राम सिसान पोस्ट खरखोदा जिला शामली ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि वह चिलकाना क्षेत्र के गांव पठेड स्थित राजा पीजा कॉर्नर पर नौकरी करता है। जहां से वह अपनी स्पलेंडर प्लस बाइक एच आर 79 ई 9658 पर सवार होकर सहारनपुर रोड पर चिलकाना में स्थित किरण गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए आया था।

पीड़ित का कहना है कि वह अपनी बाइक को एजेंसी के सामने खड़ी करके गैस की पर्ची लेने के लिए लाइन में खड़ा हो गया। कुछ देर बाद जैसे ही वह पर्ची लेकर वापस आया तो उसकी बाईक वहां पर से गायब मिली। काफी देर तक उसने आस पास अपनी बाइक को तलाश किया लेकिन नहीं मिल पाई। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर बाइक बरामद कराये जाने की मांग की है। बताते चलें कि चिलकाना थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शहजाद व पुत्रवधू बेबी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**रूशदा पत्नि शमीम निवासी मौहल्ला अशरफ अली, गंगोह, जनपद सहारनपुर।**

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** चेकिंग के दौरान बोनसा पुलिया से बिड़वी की ओर जाने वाले रास्ते पर थाना सरसावा पुलिस की बदमाश के साथ मुठभेड़,में बदमाश के पैर में गोली लगने के बाद शातिर गिरफ्तार लूट व चोरी की कई वारदातों में वांछित चल रहा आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा।



सरसावा क्षेत्र में बुधवार रात करीब 10:22 बजे थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक देवकरण शर्मा व उपनिरीक्षक सौरभ सिंह पुलिस टीम के साथ बोन्सा पुलिया से बिड़वी मार्ग पर सघन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बिड़वी की ओर से आ रहे बाइक सवार संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस को देखकर आरोपी ने रुकने के बजाय फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए इलाके की घेराबंदी कर दी। जवाबी कार्रवाई में

आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने मौके पर ही उसे दबोच लिया।गिरफ्तार बदमाश की पहचान कुलदीप पुत्र मदन निवासी ग्राम छाप्पुर, थाना सरसावा के रूप में हुई है। आरा. ेपी बाइक चोरी, मोबाइल लूट समेत दर्जनभर से अधिक मामलों में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, लूट व आर्म्स एक्ट आबकारी अधिनियम के कई मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .315 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

घायल बदमाश को पुलिस ने तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, एवं अग्रिम कार्यवाही में जुटी।

# जनगणना का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनगणना की प्रथम चरण की ट्रेनिंग का आज समापन हो गया हैं। ट्रेनिंग के दौरान एचएलओ ऐप का प्रशिक्षण व जनगणना कैसे की जायेगी, इसके सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। जोन तीन की ट्रेनिंग राजकीय इंटर कॉलेज नेहरु मार्किट में तथा जोन-दो की ट्रेनिंग राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक आशुतोष की देखरेख में सम्पन्न करायी गयी। जनगणना को गंभीरता से न लेकर ट्रेनिंग के दौरान अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

जोन दो की चार्ज अधिकारी व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने 245 कर्मचारियों की ट्रेनिंग राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज व 215 कर्मचारियों की ट्रेनिंग जीआईसी में समपन्न करायी गयी। कुछ कर्मचारी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जो कर्मचारी अनुपस्थित रहे उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत उनके विभागाध्यक्षों तथा जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है।

उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय ट्रेनिंग में एचएलओ ऐप का प्रशिक्षण देने के अलावा जनगणना किस तरह की जायेगी तथा क्या-क्या प्रश्न पूछे जायेंगे और कौन-कौन से प्रश्न वर्जित है और कौन से प्रश्न विहित है।

**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर**

पत्रांक 183/ जि०पं०/2026-2027, दिनांक:- 23-4-26

**संसोधित सामान्य निविदा सूचना**

जिला पंचायत, के पंजीकृत समस्त ठेकेदारो एंव उ०प्र० शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80जी-2000, दिनांक 14.07.2020 के अनुपालन में राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर के विज्ञप्ति पत्रांक 40/ जि०प०/2026-27 दिनांक 06.04.2026 द्वारा सामान्य निविदा दिनांक 27.04.2026 को आमंत्रित की गयी थी, जो दैनिक जागरण एंव शाह टाईम्स समाचार पत्र में प्रकाशित एंव जनपद की वैबसाइट www.saharanpur.nic.in पर कुल 63 शहीद स्मृति बोर्ड एंव शहीद स्मृति सीमा बोर्ड निर्माण कार्यों की निविदा प्रदर्शित / प्रकाशित करायी गयी है, सूची क्रमांक 50 से 63 तक सीमा बोर्ड के कार्यों को स्थगित करते हुए शेष क्रमांक 01 से 49 तक कार्यों टैण्डर फार्म दिनांक 25.04.2026 को यथासमय विक्रय किये जायेगे तथा फर्म/ठेकेदार को निविदा पृथक-पृथक दो बन्द लिफाफे में डाली जायेगी शेष शर्ते यथावत रहेगी।

(चन्द्रवीर सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहारनपुर

(मांगेराम चौधरी) अध्यक्ष, जिला पंचायत, सहारनपुर

# पूर्ण आस्था से मनाया जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** श्रीशनिदेव व पंचमुखी हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर स्थित सिद्धपीठ श्री शनिधाम में वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्री शनिदेव महाराज व पंचमुखी श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंडित राजकुमार शर्मा, पंडित अमित शर्मा, के निर्देशन में सिद्धपीठ श्री शनिधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व हरियाणा राज्य के बराड़ा नगर निवासी देवेंद्र चौहान उर्फ पिंटू राणा व उनकी पत्नी वंदना चौहान सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा सर्वप्रथम हवन पूजन किया गया। इसके पश्चात श्री शनिदेव महाराज व पंचमुखी श्री हनुमान जी महाराज को छप्पन भोग लगाया गया। जिसके बाद सुंदरकांड के पाठ का गुणगान कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह, प्रवीण राणा, बंटी राणा, दिनेश चौहान, अरुण चौहान, नराताराम राणा, अमित, रविंदर, मोहितआदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बालक सकुशल किया बरामद

**अंबेहटा।** कस्बा नकुड़ के जोगियान निवासी चार साल के मासूम बालक समर पुत्र सुलमान उर्फ कल्लन अचानक गुम हो गया था। परिवार में हड़कंप मच गया था।

सूचना मिलते ही ऑपरेशन मुस्कान के तहत नकुड़ थाना प्रभारी सुरेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता के मार्गदर्शन में मात्र चार घंटे के अंदर बालक समर को सकुशल ढूंढ लिया गया और उसकी मां सिमरन को सौंप दिया गया। बालक के परिजनों ने पुलिस की इस तेज और प्रभावी कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने वाकई परिवार की मुस्कान लौटा दी।

# घरों तक नहीं पहुंच रहा सरकारी टंकी का पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर पंचायत अंबेहटा के वार्ड नंबर 4 में मोहल्ला किला और नई बस्ती के निवासियों को पीने के पानी का गंभीर संकट झेलना पड़ रहा है। सरकारी टंकी से घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिसको लेकर लोगों ने नगर पंचायत के विरुद्ध नारेबाजी की।

वार्ड नंबर 4 के सभासद मुसर्रत कुरैशी ने नगर पंचायत अंबेहटा कार्यालय में लिखित शिकायत पत्र देकर बताया कि नगर पंचायत द्वारा टंकी की मुख्य पाइप लाइन को काटकर खेतों में पानी पहुंचाया जा रहा है। इसके



कारण मोहल्लों में पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।

मोहल्ला किला और नई बस्ती के निवासियों ने नगर पंचायत के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अनीस,तबस्सुम, सबिया, रानी, शादाब, शाइस्ता, फिरोज, राबिया, गय्यूर, सबाना और शाहरुख सहित कई लोगों ने बताया कि वे कई महीनों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया,हमने नगर पंचायत में कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। गर्मी बढ़ते ही पानी की एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। पशुओं को भी पानी नहीं मिल पा रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पाइप लाइन काटने के कारण घरों तक पानी की सप्लाई बंद हो गई है, जबकि खेतों में पानी डायवर्ट किया जा रहा है। गर्मी के इस मौसम में पानी की कमी से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है।नगर पंचायत अंबेहटा के अधिशासी अधिकारी अनिल भास्कर ने बताया कि कर्मचारियों को भेजकर पाइप लाइन को सही कराया गया है।

# हाईस्कूल व इंटर में देवबंद के स्कूलों के बच्चों ने भी लहराया सफलता का परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** यूपी बोर्ड के घोषित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट हुए परीक्षा परिणाम में देवबंद के स्कूलों के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। केएल जनता इंटर कालेज के उदय प्रताप सिंह ने हाईस्कूल में 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

केएल जनता इंटर कालेज का हाईस्कूल का रिजल्ट 98 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रबंधक दीपकराज सिंघल ने बताया कि हाईस्कूल के छात्र उदय प्रताप सिंह ने स्कूल टाप किया है और जिले में तीसरा स्थान पाया है। जबकि सितारा 92.66 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरे स्थान पर और तेजस 89.83 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में तृतीय स्थान पर रहा।



वहीं, इंटरमीडिएट में अकुल ने 85.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, राशि ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और गौरव पांचाल ने 84.6 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। भायला इंटर कालेज के लक्ष्य राणा ने हाईस्कूल में 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टाप किया और जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया।

श्रीराम कृष्ण योगाश्रम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार गोयल ने बताया कि इंटरमीडिएट में छात्रा शिफा ने 89.2 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टाप किया जबकि जिले में पांचवां स्थान पाया। जबकि छात्रा अंजलि विवेक 88 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में 10वें स्थान पर रही है।

इस्लामिया इंटर कालेज के प्रबंधक रिजवानुल हक व प्रधानाचार्य अरशद जमा ने बताया कि हाईस्कूल में छात्रा हादिया ने प्रथम और सैयद अरीब हुसैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं, इंटरमीडिएट में छात्र काशान व छात्रा इकरा ने प्रथम, समद ने द्वितीय और छात्रा सोएबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। एचएवी इंटर कालेज, श्री जैन इंटर कालेज, पब्लिक गर्ल्स इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज आदि का रिजल्ट भी शानदार रहा।

## जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ने कहा लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएं, तो सफलता कदम चूमती है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कड़ी मेहनत और पक्के इरादे के साथ अगर लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएं, तो सफलता कदम चूमती है। इसे सच कर दिखाया है केएल जनता इंटर कॉलेज के होनहार छात्र उदय प्रताप सिंह ने।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में उदय ने 95.17 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे सहारनपुर जनपद की मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। बाबूप.र गांव निवासी छात्र उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आज के दौर में जहां युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और मोबाइल गेमिंग में अपना समय गंवा रही है, वहीं उन्होंने एक मिसाल पेश की है। उदय ने बताया कि उनकी इस शानदार सफलता का सबसे बड़ा राज मोबाइल फोन से दूरी है। उन्होंने पूरी पढ़ाई के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया और आज भी उनके पास अपना व्यक्तिगत मोबाइल नहीं है। उदय के अनुसार, एकाग्रता ही किसी भी परीक्षा में जीत का मंत्र है। बताया कि वे आगे चलकर भौतिकी, रसायन, गणित विषयों के साथ पढ़ाई करेंगे। उनका लक्ष्य एक कुशल इंजीनियर बनना है, जिसके लिए वे अभी से तैयारी में जुट गए हैं।



उदय के पिता हरिद्वार की एक मोटर कंपनी में कार्यरत हैं और साथ ही खेतीबाड़ी (किसान) भी करते हैं। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले उदय की इस बड़ी कामयाबी पर उनके घर और गांव में जश्न का माहौल है।

# उलेमा, शायरों व समाजसेवियों ने मौलाना कमर उस्मानी के इंतकाल पर जताया गहरा दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिक जगत में प्रमुख स्थान रखने वाले दारुल उलूम वक्फ के 91वषीर्य उस्ताद-ए-हदीस मौलाना कमर उस्मानी का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उलमा, शायरों और समाजसेवियों ने उनके इंतकाल पर गहरे दुख का इजहार किया है।

मोहल्ला अबुल बरकात निवासी मौलाना कमर उस्मानी ने दारुल उलूम से शिक्षा प्राप्त की, जिसके बाद वे शिक्षण कार्य से जुड़े रहे। दारुल उलूम वक्फ में उन्होंने बतौर वरिष्ठ उस्ताद लंबे समय तक सेवाएं दी। वह छात्रों को हदीस पढ़ाते थे। उस्ताद होने के साथ ही वह अच्छे शायर भी थी। नूरो निकहत के नाम से उनका गजल संकलन प्रकाशित हुआ था, जिसके लिए उन्हें उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश की ओर से सम्मानित भी किया गया था। बृहस्पतिवार को उनके इंतकाल की खबर मिलते ही उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। दोपहर एक बजे दारुल उलूम की आहत-ए-मोलसरी में उनकी नमाज-ए-जनाजा अदा हुई। इसके उपरांत मजार-ए-कासमी कब्रिस्तान में उन्हें सुपूर्द-ए-खाक किया गया। उनके इंतकाल पर दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना अबुल कासिम नोमानी, दारुल उलूम वक्फ के मो. हतमिम मौलाना सुफियान कासमी, मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी, मौलाना शकेब कासमी, प्रसिद्ध शायर डॉ. नवाज देवबंदी, दारुल उलूम के सदर मुफ्ती जैनुल इस्लाम, मौलाना नूरुलहुदा कासमी, मुफ्ती शरीफ खान कासमी, वरिष्ठ लेखक सैयद वजाहत शाह आदि ने गहरा दुख जताया।



मौलाना कमर शानदार उस्ताद होने के साथ ही वह अच्छे शायर भी थे। पूर्व में नूर ओ निकहत नाम से उनका गजल संकलन प्रकाशित हुआ था।

# मेडिकल कॉलेज का नाम पुन: हो कांशीराम मेडिकल कॉलेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सहारनपुर का राजकीय मेडिकल कालेज इन दिनों पूरी तरह राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। पूर्व विधायक मनोज चौधरी द्वारा मेडिकल कॉलेज का नाम सम्राट मिहिर भोज के नाम पर किए जाने की मांग के बाद अब पथिक जनशक्ति पार्टी ने मेडिकल कॉलेज का नाम पुन: बदलकर कांशीराम मेडिकल कॉलेज करवाने की मांग की है।

पथिक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चौधरी विरेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बसपा शासन में सहारनपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम काशीराम मेडिकल कॉलेज के नाम पर रखा गया था। लेकिन प्रदेश में सपा सरकार आने पर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कांशीराम का नाम हटाते हुए मेडिकल कॉलेज का नाम शेखुल हिंद मौलाना महमूद हसन के नाम पर करते हुए जाति धर्मों में विवाद पैदा कर दिया था। जिससे महापुरुषों को लेकर आज भी वाद विवाद और मान अपमान को तूल दिया जा रहा है, जो राष्ट्र व जनहित में सही नहीं है। इसलिए अब पथिक जनशक्ति पार्टी मेडिकल कॉलेज का नाम पुन: काशीराम के नाम पर रखवाने की मांग करती है। उन्होंने सरकार से सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में एम्स जैसी सुविधाएं मुहैया करवाने की भी मांग की है। इस मौके पर राजपाल सिंह, राहुल जोगी, लोकेश गुर्जर, नवीन कुमार, विकल, सुरेंद्र गौतम आदि शामिल रहे।



## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को भेजा ज्ञापन

**देवबन्द।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को भेजे गए ज्ञापन में नोयडा में श्रमिक नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, प्रदेश के कारखानों में श्रमिकों को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये मासिक देने व त्रिपक्षीय न्यूनतम वेतन सलाहाकार समिति का गठन करने की मांग की गई है। इसके अलावा स्थायी श्रमिकों की नियुक्ति करने, ठेका, संविदा व आउटसोर्स श्रमिकों को स्थायी करने, चारों श्रम संहिताओं को वापस लेने और श्रमिक कानून को लागू करने की मांग भी की गई है। सीपीआईएम के जिला सचिव, चंद्रपाल सिंह, मंगेश देवी, अमनपाल सिंह, दर्शन लाल, कैलाशचंद आदि शामिल रहे।

## 12वीं में छात्रा ने किया नाम रोशन

**मुजफ्फरनगर।** राम प्यारी बीएम एचएसएस मुजफ्फरनगर कॉलेज की छात्रा अरशी चौधरी ने यूपी बोर्ड 12वीं कक्षा में प्रथम डिविजन के साथ पास होकर अपना, अपने गुरुजनों और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। अरशी चौधरी पुत्री चौधरी साबिर हसन का कहना है कि उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया है।



# माकपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**स्योहारा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की स्योहारा शाखा द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर प्रदेश में जन आंदोलनों के दमन तथा लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का गंभीर आरोप लगाया गया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि प्रदेश में किसान, मजदूर और विभिन्न संगठनों द्वारा अपनी जायज मांगों को लेकर किए जा रहे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शनों को प्रशासनिक स्तर पर रोका जा रहा है। कई स्थानों पर बिना अनुमति कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। जबकि सत्ता पक्ष से जुड़े आयोजनों को अनुमति प्रदान की जा रही है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मजदूरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे न्यूनतम वेतन, कार्य के निर्धारित घंटे तथा श्रम कानूनों के पालन को लेकर उठ रही आवाजों को दबाया जा रहा है। आंदोलनरत लोगों पर कार्रवाई गिरफ्तारियां और उत्पीड़न की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। पार्टी ने मांग की कि जन आंदोलनों और धरना-प्रदर्शनों पर रोक न लगाई जाए। किसानों एवं मजदूरों की जायज मांगों को सुना जाए। गिरफ्तार आंदोलनकारियों को तत्काल रिहा किया जाए। श्रम कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाए। पुलिस कार्रवाई एवं उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए तथा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद कर पुराने मीटर पुन: लगाए जाएं।



## 12वीं में छात्र ने किया नाम रोशन

**मुजफ्फरनगर।** छात्र शिवम कुमार राना पुत्र विजय कुमार ने कक्षा यूपी बोर्ड 12वीं कक्षा में प्रथम डिविजन के साथ पास होकर अपना, अपने गुरुजनों और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। शिवम कुमार राना पुत्र विजय कुमार ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं कक्षा पास की है। उन्होंने इसका श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया है।



# युवक की हत्या का खुलासा

## रामगंगा पुल के पास की गई थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** युवक की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का शव और बाइक भी बरामद कर ली है।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बेरखेड़ा टांडा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह ने अपने पुत्र मनोज कुमार उर्फ मोनू के 17 अप्रैल को अचानक लापता होने की सूचना थाने में दी थी। दो दिन बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए अपहरण का मुकदमा भी दर्ज किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई जबकि हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने मामले की गंभीरता से छानबीन करते हुए लगातार जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसमें मनोज को दो युवकों के साथ जाते हुए देखा गया। शिनाख्त के बाद दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरो. पियों ने अपना नाम अनुज कुमार पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम शरीफपुर, थाना स्योहारा तथा नितिन कुमार पुत्र नन्हे सिंह निवासी ग्राम कादराबाद खुर्द, थाना स्योहारा बताया। उन्होंने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन वे मनोज कुमार को अपनी बाइक पर बैठाकर स्योहारा बाजार लाए थे। जहां उससे कुछ सामान भी खरीदवाया गया। इसके बाद तीनों युवक बाइक से रामगंगा पुल की तरफ चले गए। रास्ते में उनमें विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने मनोज के साथ मारपीट की और गला काटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव तथा बाइक को जंगल में छिपा दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल से मनोज कुमार का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचना तंत्र और लगातार पुलिस कार्रवाई के चलते घटना का खुलासा संभव हो सका। घटना के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक यादव शर्मा, हेड कांस्टेबल मनोज, हेड कांस्टेबल सरित, कांस्टेबल नवीन जोशी, कांस्टेबल हेमंत तथा कांस्टेबल विपिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

# पांच साल बाद घरों में जली रोशनी

## धामपुर के एक मौहल्ले की बदली तस्वीर, चेयरमैन की पहल से पहुंची बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर का एक ऐसा मौहल्ला सामने आया है, जहां आजादी के 75 साल बाद भी लोग बुनियादी सुविधा, बिजली से वंचित थे। पिछले पांच साल से यहां परिवार अपने पक्के मकानों में रह तो रहे थे, लेकिन उनके घरों में अंधेरा ही उनका साथी था।

रात होते ही यह मोहल्ला पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता था। लोग सोलर पैनल, बैटरी और अन्य अस्थायी साधनों के सहारे किसी तरह अपनी जिंदगी काट रहे थे। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार अपनी समस्या संबंधित विभागों तक पहुंचाई, लेकिन वर्षों तक कोई समाधान नहीं हुआ। आखिरकार जब मौहल्ले के लोग अपनी समस्या लेकर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी के पास पहुंचे, तो वे खुद इस स्थिति को जानकर हैरान रह गए। उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि नगर क्षेत्र में आज भी ऐसा कोई मौहल्ला हो सकता है, जहां बिजली की सुविधा तक उपलब्ध न हो।



इसके बाद अध्यक्ष रवि चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। उन्होंने पालिका टीम के साथ-साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और पूरी स्थिति का जायजा लिया। अपने स्तर पर एस्टीमेट तैयार कराकर खंभे और बिजली लाइन बिछाने का काम शुरू कराया गया।

कुछ ही समय में मौहल्ले की तस्वीर बदल गई। जहां कभी अंधेरा था, वहां अब हर घर में रोशनी जगमगाने लगी है। बिजली आने के बाद लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही है। बच्चों की पढ़ाई अब बेहतर तरीके से हो पा रही है और लोगों की दिनचर्या में भी बड़ा बदलाव आया है।

मौहल्ले के निवा. सियों ने इस पहल के लिए पालिका अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि यह उनके जीवन में एक नई शुरुआत जैसा है।

यह कहानी सिर्फ बिजली आने की नहीं, बल्कि उस उम्मीद की है जो सालों के अंधेरे के बाद आखिरकार रोशनी बनकर लोगों के जीवन में उतरी है।

## आवारा कुत्ते पकड़कर नसबंदी



**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा नगर में बढ़ते आवारा कुत्तों की समस्या को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है। पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डों से 17 आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी एवं एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन के लिए भेजा गया। पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने तथा रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से पालिका टीम नियमित रूप से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा आगे भी अभियान जारी रहेगा। जिन क्षेत्रों से शिकायतें प्राप्त होंगी, वहां विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी व टीकाकरण कराया जाएगा, ताकि नगर में सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखा जा सके।

# चैकिंग के नाम पर उत्पीड़न की गूंज पहुंची लखनऊ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आयुष महिला चिकित्सक के साथ नोडल अधिकारी सहित अन्य कर्मियों द्वारा रात के वक्त चैंकिग के नाम पर उत्पीड़न की गूंज लखनऊ तक पहुंच गई है। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जांच के नाम पर उत्पीड़न बंद करने की मांग की है।

गौरतलब है कि 15 अप्रैल को नगर की मौहल्ला फतेहनगर निवासी डा. सना खान के अस्पताल पर नोडल अधिकारी के साथ आए अन्य लोगों द्वारा चैकिंग के नाम पर अभद्र व्यवहार करने के मामले को लेकर नीमा के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि आयुर्वेद और यूनानी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां देश की प्राचीन विरासत का हिस्सा हैं और आज भी बड़ी संख्या में लोग इन पर भरोसा करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें भी आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं। ऐसे में इन पद्धतियों से जुड़े चिकित्सकों के साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न न केवल अनुचित है, बल्कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। संगठन ने बताया कि पूर्व में आयुष चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन और उनके क्लीनिकों का निरीक्षण संबंधित आयुष विभाग, जैसे आयुर्वेद और यूनानी के जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से ही किया जाता था। यह व्यवस्था व्यवस्थित और पारदर्शी मानी जाती थी। लेकिन वर्तमान में कई जनपदों में सीएमओ कार्यालय द्वारा आयुष चिकित्सकों को जबरन रजिस्ट्रेशन कराने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे भ्रम और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है। नीमा ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर अधिकारियों या उनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की घटनाएं सामने आई हैं। संगठन का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाइयों से चिकित्सकों की गरिमा को ठेस पहुंचती है और उनके कार्य में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होती हैं। नीमा ने सरकार से मांग की है कि आयुष चिकित्सकों से संबंधित सभी प्रशासनिक कार्य, जैसे रजिस्ट्रेशन और क्लीनिक निरीक्षण, केवल संबंधित आयुष विभाग के अधिकारियों द्वारा ही किए जाएं। इससे न केवल व्यवस्था स्पष्ट होगी, बल्कि अनावश्यक हस्तक्षेप और विवाद की स्थिति भी समाप्त होगी। इसके अलावा संगठन ने यह भी सुझाव दिया है कि चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन हर वर्ष कराने की बजाय पहले की तरह पांच वर्ष में एक बार किया जाए, ताकि चिकित्सकों पर अनावश्यक प्रशासनिक बोझ न पड़े।

संगठन ने अपने ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया है कि वह सरकार के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए पूरी तरह तैयार है और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में सहयोग देना चाहता है। नीमा लखनऊ ने उम्मीद जताई है कि प्रदेश सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ठोस और सकारात्मक निर्णय करेगी, जिससे आयुष चिकित्सकों को राहत मिल सके और वे बिना किसी दबाव के अपने मरीजों की सेवा जारी रख सकें।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र कुलदीप पुत्रवधू सरिता पौत्र सिद्धार्थ मेरे कहने सुनने में नहीं है तंग वह परेशान होकर इनसे मैंने अपने संबंध विच्छेद कर लिए और इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

रामपाल पुत्र हरध्यान (वर्तमान प्रधान) ग्राम रामुपुर निजामपुर थाना देवबंद (सहारनपुर)

# भाई आईपीएल हीरो बना, उम्मीद है गांव में सड़क बनेगी

### गुजरात टाइटंस के स्पीड़ स्टार अशोक शर्मा ने पिता को गिफ्ट की स्कूटी

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल के इस सीजन में गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज अशोक शर्मा सुर्खियों में हैं। वजह है- रफ्तार। अशोक नियमित तौर पर 150 किलोमीटर प्रति घंटा से भी ज्यादा तेज गेंदें फेंक रहे हैं। अशोक की इस कामयाबी ने उनके परिवार के लोगों को आस-पास के इलाके में मशहूर कर दिया है।अशोक के बड़े भाई अक्षय बताते हैं- भाई ने गांव का नाम रोशन कर दिया है।




जहां भी जाता हूं लोग रोक कर अशोक के बारे में पूछते हैं। उम्मीद है कि अशोक की सफलता का फायदा अब हमारे गांव को भी मिलेगा। हमारा गांव जयपुर से महज 35 किलोमीटर दूर है लेकिन हाईवे तक जाने के लिए अच्छी सड़क नहीं है। उम्मीद है यह सड़क जल्द बनेगी और गांव वालों की जिंदगी की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। गांव बुलाने में झिझक, पर जड़ों से गहरा लगाव। अक्षय ने कहा- हमें लोगों को यहां बुलाने में शर्म आती है, क्योंकि यहां कोई ढंग का रास्ता ही नहीं है।' दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से उतरने के बाद गांव तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है। इन मुश्किलों के बावजूद, शर्मा परिवार को अपनी जड़ों और गांव से बेहद प्यार है। अक्षय बताते हैं कि करोड़ों रुपए की लीग का हिस्सा बनने के बाद भी अशोक सादगी पसंद करते हैं। वह अक्सर कहते हैं, 'कुछ भी हो जाए, अपना गांव नहीं छोड़ेंगे।' वे सुबह 5 बजे उठते हैं, मैदान पर दौड़ने जाते हैं, ट्रेनिंग करते हैं और घर का बना सादा खाना और छाछ उनकी डाइट का मुख्य हिस्सा है। अशोक के पिता नाथूलाल शर्मा आज भी खेतों में काम करते हैं। वे फटे हुए कपड़ों और मिटी से सने पैंट में ही अपने छोटे बेटे द्वारा गिफ्ट किए गए इलेक्ट्रिक स्कूटर से खेत से लौटते हैं।

अशोक की मां लाली देवी मुस्कुराकर बताती हैं कि अशोक बचपन में बहुत शरारती था। वह घर का खूब सामान तोड़ता था, जिसकी वजह से अक्सर बड़े भाई अक्षय को मार खानी पड़ती थी। परिवार के सबसे चहेते अशोक ने पिछले साल केकेआर टीम में रहते हुए अपने जन्मदिन पर जिद करके 'थार' गाड़ी मांगी थी। अब यह एसयूवी गांव के बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है और गांव के रास्तों को देखते हुए यह एक सही चुनाव भी साबित हुई है।

तेज गेंदबाजी का शौक दोनों भाइयों को बचपन से था। अक्षय बताते हैं कि उन्हें अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को डराने में मजा आता था। इस जुनून के पीछे उनके चाचा रामदयाल शर्मा की प्रेरणा है, जो अपने समय में गांव के खूंखार तेज गेंदबाज माने जाते थे और एमएस धोनी की तरह लंबे बाल रखते थे। पिछले साल गुजरात टाइटंस ने अशोक को 90 लाख रुपए में खरीदा और इस साल उन्होंने अपना डेब्यू किया। परिवार उन्हें पहली बार लाइव खेलते देखने के लिए 450 किलोमीटर दूर चंडीगढ़ गया। इसके बाद अहमदाबाद में अगले मैच के लिए अशोक ने परिवार को बुलाया, तो उन्होंने फ्लाइट की जगह जयपुर से 10 घंटे की ट्रेन यात्रा चुनी। जब अशोक के पिता नाथूलाल से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी फ्लाइट में सफर किया है, तो उन्होंने धीरे से सिर हिलाते हुए कहा, 'नहीं।' इस पर बड़े भाई अक्षय ने चुटकी लेते हुए कहा कि पापा को प्लेन में बैठने से डर लगता है। पास ही चुपचाप बैठीं मां लाली देवी ने बातचीत में शामिल होते हुए बड़े भरोसे के साथ कहा कि एक दिन हम प्लेन में जरूर जाएंगे। वहीं, भाई अक्षय को उम्मीद है कि अशोक की इस शानदार सफलता की चमक से शायद अब रामपुरा गांव के नसीब में एक पक्की सड़क जरूर आ जाएगी।

# तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी पर टूटा दुखों का पहाड़, मां का हुआ निधन


**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुक.ेश चौधरी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुकेश की मां का निधन हो गया है।

सीएसके ने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर गुरुवार को मुकेश चौधरी की मां के निधन की जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी की मां प्रेम देवी लगभग एक साल से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनका इलाज मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चौधरी फिलहाल सीएसके टीम के साथ नहीं हैं और गुरुवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में उनके खेलने की संभावना नहीं है। सीएसके ने पोस्ट किया, सीएसके परिवार मुकेश चौधरी की मां के निधन पर दुख जता रहा है। हम मुकेश और उनके परिवार के साथ हैं। इस बेहद मुश्किल समय में उन्हें अपनी दुआओं में रखते हैं। मुकेश चौधरी 2022 से ही सीएसके के साथ रहे हैं।

2022 में उनका आईपीएल डेब्यू हुआ था। उस सीजन 13 मैचों में 16 विकेट लेकर उन्होंने सुर्खियां बटोरी थीं। उस सीजन के बाद से इंजरी और दूसरे खिलाड़ियों की उपलब्धता की वजह से उन्हें ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला है। 2022 के बाद वह केवल चार मैच खेल पाए हैं। आईपीएल 2026 में चौधरी सिर्फ एक मैच खेल पाए हैं जिसमें उन्होंने दो विकेट लिए हैं। सीएसके खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है। तेज गेंदबाज खलील अहमद चोट की वजह से सीजन से बाहर हो चुके हैं।

# 19 साल के जोडर की रैंकिंग में टॉप-50 में एंट्री

**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेनिश टेनिस की दुनिया में वर्तमान में कार्लोस अल्कारेज का दबदबा है, लेकिन अब 19 वर्षीय राफेल जोडर कमाचो एक नई सनसनी बनकर उभरे हैं। स्पेनिश होने और 'राफेल' नाम होने के कारण उनकी तुलना दिग्गज राफेल नडाल से होना स्वाभाविक है, लेकिन जोडर ने बड़ी सादगी से इस समानता को स्पष्ट किया है।



जोडर ने बताया, 'नडाल मेरे आदर्श हैं, लेकिन मेरा नाम उनके नाम पर नहीं रखा गया है। मेरे पिता, दादा और परदादा, तीनों का नाम राफेल था।' यह नाम उनकी पारिवारिक परंपरा का हिस्सा है, लेकिन कोर्ट पर उनके प्रदर्शन ने नडाल जैसे सुनहरे भविष्य की उम्मीदें जगा दी हैं। राफेल जोडर की यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं है।

एक साल पहले जोडर रैंकिंग में शीर्ष 600 से भी बाहर थे। मार्च 2024 में उन्होंने पहली बार शीर्ष-100 में प्रवेश किया। अब वे सीधे 42वें नंबर पर पहुंच गए हैं। मैड्रिड ओपन में डेब्यू से ठीक पहले शीर्ष-50 में जगह बनाना उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस महीने मोरक्को में अपना पहला टूर-लेवल खिताब जीतने के बाद, उन्होंने बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।

### ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले पोमोना में खेले जाएंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** साल 2028 में होने वाले लास एंजिल्स ओलिंपिक के लिए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। कैलिफोर्निया के पोमोना में बुधवार को हुए भूमि पूजन के साथ ही क्रिकेट की 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सभी मुकाबले लास एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स मैदान पर खेले जाएंगे। ओलिंपिक में क्रिकेट मैच 12 जुलाई से 29 जुलाई 2028 तक आयोजित होंगे। साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था।

# राजस्थान के नांद्रे बर्गर पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 के 32वें मुक.ाबले में राजस्थान रायल्स (आरआर) के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैच में उनके व्यवहार पर मैच रेफरी ने 10: मैच फीस का जुर्माना लगाया है।




साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पाइंट जोड़ा गया है। हालांकि किस खिलाड़ी के साथ गलत व्यवहार हुआ, इसका बीसीसीआई ने उल्लेख नहीं किया है। माना जा रहा है कि मिचेल मार्श को आउट किया तब शायद उन्होंने मार्श को आउट करने के बाद कुछ बोला या इशारा किया। जिसे फील्ड अंपायरों ने गलत माना। साउथ अफ्रीकी गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 अपराध का दोषी माना गया है। उन पर आर्टिकल 2.5 के तहत कार्रवाई की गई है। यह आर्टिकल ऐसे मामलों में लागू होता है, जब खिलाड़ी मैदान पर भाषा, एक्शन या इशारों से दूसरे खिलाड़ी का अपमान करे या उसे उकसाए। सुनवाई में नांद्रे बर्गर ने गलती स्वीकार की और सजा मंजूर की। आईपीएल नियमों के अनुसार, लेवल-1 मामलों में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है और अपील का अधिकार नहीं होता। नांद्रे बर्गर ने इस मैच में 4 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने पहले कप्तान ऋषभ पंत को आउट किया और फिर मिचेल मार्श को आउट किया। इस मैच में मार्श ने उनके ओवर में चौके-छक्के लगाए। आउट होने से पहले भी मार्श ने छक्का जड़ा। मार्श को आउट करने के बाद बर्गर अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए और उन्हें कुछ बोल दिया। राजस्थान रायल्स की इस सीजन पांचवीं जीत है। बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हराया।

इकाना स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 18 ओवर में 119 रन बनाकर आलआउट हो गई। मिचेल मार्श ने 55 रन की फिफ्टी लगाई, लेकिन बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। कप्तान ऋषभ पंत, आयुष बडोनी और ऐडन मार्करम खाता नहीं खोल सके। गेंदबाजी में राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा ने आलराउंड प्रदर्शन में नाबाद 43 रन बनाए और निकोलस पूरन का विकेट लिया।

# वैभव के सबसे तेज 500 रन, IPL के 32 वें मैच में रचा इतिहास



### जडेजा 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर

**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं।

वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहली ही गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके। रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने C S K के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवार्ड जीता। इससे पहले उनके 16 पीओटीएम अवार्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड पर लगातार 7वीं हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में घर पर सबसे ज्यादा लगातार हार के रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जहां दिल्ली (9 हार) और डेक्कन चार्जर्स (8 हार) जैसे टीम्स इससे ऊपर हैं। जोफ्रा आर्चर अब राजस्थान रायल्स के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनके नाम 68 विकेट हो गए हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल (66) और सिद्धार्थ त्रिवेदी (65) को पीछे छोड़ दिया।

मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर में लगातार एक्शन देखने को मिला, लेकिन सबसे बड़ा मोमेंट रहा ऋषभ पंत का कमाल का कैच। तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर शमी ने तेज बाउंसर डाली, जिस पर यशस्वी जायसवाल ने हुक शाट खेलने की कोशिश की। गेंद ग्लव लगकर विकेट के पीछे ऊंची गई, जहां पंत ने हवा में उछलते हुए एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। उनकी टाइमिंग और फुर्ती ने सभी को हैरान कर दिया। इसके बाद अगली ही गेंद पर शमी ने धरुव जुरेल को भी आउट कर दिया।

मोहसिन खान ने अपने पहले ही ओवर में विकेट-मेडेन ओवर डाला। चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी बड़ा शाट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। ऑफ स्टंप पर लेंथ बाल पर उन्होंने लेग साइड में बड़ा शाट खेलने की कोशिश की।, लेकिन संतुलन खो बैठे और गेंद ठीक से टाइम नहीं कर पाए।

### मैच से पहले कार्टून देखते हैं वैभव सूर्यवंशी

**पटना, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी हर बार मैच खेलने से पहले कार्टून देखते हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया है। बुधवार को राजस्थान रायल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मुकाबला खेला गया था,

जिसमें वैभव की टीम त्त ने जीत हासिल की। इस दौरान जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने भोजपुरी में जवाब देते हुए कहा कि, श्सबके प्लान ईहे बा कि अगला मैच में अच्छा करे के बा, जीत के 2 पाइंट ली, प्लेऑफ के तरफ बढ़ी। वैभव ने इस मैच में रिकॉर्ड भी बनाए हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। मैच के बाद जब उनसे भोजपुरी में सवाल किया गया कि जिस उम्र में सब कार्टून देखते हैं, उस उम्र में आप गेंदबाज के गेंद को कार्टून बनाते हैं। आपके दिमाग में क्या चलते रहता है? इस पर वैभव ने जवाब दिया कि, 'मेरे दिमाग में कुछ नहीं चलता है। आज भी मैं हर दिन मैच से पहले कार्टून देखता हूं, क्योंकि मेरी आदत है देखने की। मगर फोकस गेम पर है।' वैभवन ने बताया कि, 'अगले मैच में हमारा यही प्लान है कि अच्छा करना है। जीत का 2 पाइंट लेना है और आगे प्लेऑफ की तरफ बढ़ना है।' लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में बांग्लादेशी खिलाड़ियों का जलवा

### तंजीद हसन 14 पायदान चढ़कर 40वें नम्बर पर पहुंचे, बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की ताजा वनडे और टी-20 प्लेयर रैंकिंग जारी हुई। न्यूजीलैंड के खिलाफ मीरपुर में मिली 6 विकेट की जीत के बाद बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने लंबी छलांग लगाई है। वहीं, बैटिंग रैंकिंग में चार भारतीय शामिल हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।




इस जीत में तंजीद हसन ने 76 रनों की अहम पारी खेली, जिससे उन्हें वनडे बैटिंग रैंकिंग में 14 पायदान का फायदा हुआ और वे 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, तौहीद हृदोय 30 रन की नाबाद पारी के दम पर 5 स्पाट ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 26वें स्थान पर आ गए हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में बांग्लादेश के स्पिनर रिशाद हुसैन और पेसर नाहिद राणा को बड़ा फायदा हुआ है। मीरपुर वनडे में दोनों ने मिलकर 6 विकेट झटके थे। रिशाद 10 पायदान ऊपर चढ़कर 58वें और नाहिद राणा 32 पायदान की छलांग लगाकर 64वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम ने साल 2024 के अंत के बाद पहली बार वनडे मैच खेला और दो मैचों में 4 विकेट लेकर 39वें स्थान के साथ रैंकिंग में वापसी की है। न्यूजीलैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेरिल मिचेल बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। इसके बावजूद वे वनडे बैटिंग रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। फिलहाल वनडे चार्ट्स में उनका दबदबा कायम है। स्काटलैंड के नामीबिया दौरे के बाद टी-20 रैंकिंग में भी बदलाव हुए हैं। स्काटलैंड ने यह सीरीज 2-1 से जीती। सीरीज के आखिरी मैच में शतक लगाने वाले ओपनर जार्ज मुन्से 7 पायदान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, गेंदबाज मार्क वाट ने दो मैचों में 3 विकेट लेकर 10 पायदान की छलांग लगाई और अब वे 47वें नंबर पर हैं। नाम.ीबिया के कप्तान जेरार्ड इरास्मस ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज की 3 पारियों में 145 रन बनाए, जिससे वे बैटिंग रैंकिंग में 24 पायदान चढ़कर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा आलराउंडर रैंकिंग में वे 5 पायदान ऊपर उठकर अब दुनिया के 10वें नंबर के आलराउंडर बन गए हैं।

# साउथ अफ्रीका ने भारत से टी-20 सीरीज जीती

### अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम ने भारत को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है। तीसरे मुक.ाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त बनाई। टीम ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज (193 रन) किया। कप्तान लारा वोल्वार्ट ने 47 गेंदों में शतक जड़ा, जो उनके करियर की सबसे तेज सेंचुरी है।

साउथ अफ्रीका की जीत में लारा वोल्वार्ट और सुने लुस की 183 रनों की साझेदारी अहम रही। वोल्वार्ट ने 115 रन बनाए, जबकि सुने लुस ने 42 गेंदों पर 64 रन बनाकर साथ दिया। टीम ने 193 रनों का लक्ष्य 16.3 ओवर में हासिल कर लिया। भारत ने बनाया था अपना हाईएस्ट स्कोर, फिर भी हार मिली, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 192/9 का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। शेफाली वर्मा ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी आउट होने से पारी लड़खड़ा गई थी। मंधाना 34 और जेमिमा शून्य पर आउट हुईं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला।

शेफाली ने 46 गेंदों में 64 रन बना कर टीम को अच्छी शुरआत दी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी-20 अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए। आखिरी ओवर में उन्होंने तुमी सेखुखुने की गेंदों पर दो छक्के लगाए। उन्होंने ऋचा घोष के साथ 26 गेंदों में 51 रनों की पार्टनरशिप की, जिससे भारत 190 के पार पहुंच सका। 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय वोल्वार्ट को भारतीय फील्डर्स ने दो मौके दिए।

31 रन पर स्मृति मंधाना ने उनका कैच छोड़ा। 85 रन पर कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी कैच छूट गया। वोल्वार्ट ने इसका फायदा उठाते हुए 84 रन लेग साइड पर बनाए, जिसमें उनके सभी छक्के शामिल थे। मैच के दौरान अरुंधति रेड्डी चोटिल होकर मैदान से बाहर चली गईं। उन्हें साइड स्ट्रेन (कमर के पास खिंचाव) हुआ। 10वें ओवर में दो गेंदें फेंकने के बाद उन्हें मेडिकल मदद लेनी पड़ी। उन्होंने ओवर पूरा किया, लेकिन बाद में फील्डिंग के लिए नहीं आईं। उनकी जगह उमा छेत्री और बाद में अनुष्का शर्मा ने फील्डिंग की।

# बसपा में एक कद्दावर के इशारे पर निष्ठा पर चाबुक

## पार्टी को दिलो जान से सीचने वाले कार्यकर्ताओं की बढ़ी धड़कनें, किसका होगा अगला नम्बर-?

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 से पहले सभी पार्टियां अपने संगठनों को मजबूती देने लगी है वहीं बसपा में चल रही गुटबाजी के चलते एक के बाद एक सिपेहसलारों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। बसपा नेतृत्व के इस कदम से अब पार्टी को दिलोजान से सीचने वाले कार्यकर्ताओं के दिल धडकने लगे है।

वर्ष 2012 के बाद सहारनपुर में बसपा का गढ ढहना शुरू हुआ तो यह रूका ही नहीं। जिसके चलते 2012 के बाद हुए चुनावों से कार्यकर्ता निराश ही हुए। अब 2027 की तैयारियों के बीच बसपा में जिले के अंदर नई जान फूंकने की कवायद की गई थी, लेकिन एक के बाद बसपा के मजबूत नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। जिसमें रामपुर मनिहारान की चेयरपर्सन रेणू बालियान, उनके पति कुलदीप बालियान, पूर्व विधायक प्रत्याशी अजब सिंह उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रंजीता सिंह, पूर्व पार्षद अनिल पप्पू मुख्यत शामिल है और हाल ही में मंडल जोन प्रभारी हाजी सरफराज राईन को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। बताते चले कि हाजी सरफराज राईन ने बसपा को जिले में मजबूत करने में कोई कसर बाकि नहीं छोडी थी। कद्दावर नेता इमरान मसूद को वह ही बसपा में लेकर आये थे। उसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री काजी रशीद मसूद के करीबी रहे वरिष्ठ नेता फिरोज आफताब को भी हाजी सरफराइज राइन ने ही बसपा में शामिल कराया, लेकिन बसपा नेतृत्व को उनकी निष्ठा रास नहीं आई। बसपा नेतृत्व के इस कदम से अब पार्टी को मजबूत करने की कवायद करने वाले नेताओं की दिलों की धडकने तेज हो गई है कि उनका नंबर कभी भी आ सकता है? बसपा के एक कद्दावर राष्ट्रीय नेता की मोना. 'पोली के चलते आहिस्ता आहिस्ता एक एक करके कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। आने वाले दिनों में एक आद और पार्टी के दिग्गज को संगठन से बाहर किया जा सकता है। ऐसी चर्चा पार्टी के अन्दर चल रही है।

बसपा में कर्मठ नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने की पुरानी परंपरा रही है। यही कारण रहा कि बसपा पिछले डेढ दशक में बेहतर परिणाम नहीं दे सकी। यदि कार्यकर्ताओं को इस तरह की निराशा मिलती रही तो संभव है कि यह मिशन 2027 के लिये बसपा के हित में नहीं होगा।

### मण्डल जोन प्रभारी हाजी सरफराज राईन बसपा से निष्कासित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा ने मंडल जोन प्रभारी हाजी सरफराज राइन को पार्टी से निष्कासित किया है। बसपा जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु ने बताया कि जिला यूनिट द्वारा मंडल जोन प्रभारी हाजी सरफराज राईन को पार्टी विरोधी गति. विधियों में लिप्त होने व पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने के कारण निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व हाजी सरफराज राईन को पार्टी विरोधी गति. विधियों व पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने के बारे में कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी उनके रवैये में सुधार नहीं आया। जिसके कारण पार्टी को यह कदम उठाना पडा।

# शिक्षाविद् सुरेन्द्र चौहान के नेतृत्व में बच्चों ने डीएम को भेंट किए पौधे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल पब्लिक स्कूल व यूनिक किड्स स्कूल के बच्चों ने विश्व पृथ्वी दिवस पर नवागत जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को पौधे भेंट किये।

बच्चे प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व स्कूल के संस्थापक सुरेन्द्र चौहान, डायरेक्टर मनु चौहान व प्रधानाचार्य हरसिमरत कौर चौहान के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को पौधे भेट किये। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने बच्चों से विश्व पृथ्वी दिवस के विषय मे वार्ता की ओर कहा कि पृथ्वी केवल हमारा घर नहीं, बल्कि हमारा भविष्य है। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान ने कहा हमे पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ अन्य लोगों को भी पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित करना चाहिए।

इस दौरान स्कूल की शिक्षिका प्रीति शर्मा, मनस्वी सेतिया, आकांक्षा गेरा, बच्चों में शिवाय यादव,यशिका चावला, मिष्ठी वर्मा, सानवी कंबोज, कियांश, हेजल वर्मा, वंश राजपूत,मनप्रीत कौर आदि मौजूद रहे।

# कक्षा 10 में खादर इन्टर कॉलेज की आयुषी बनी जिला टॉपर, यूपी में पांचवा स्थान

## इंटरमीडिएट में अम्बेहटा पीर की छात्रा बुशरा ने 91.20 प्रतिशत प्राप्त कर जिला किया टॉप, परीक्षा परिणाम देखकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गुरुवार शाम घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में खादर इंटर कॉलेज, कंबोहमाजरा की छात्रा आयुषी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में पहला स्थान हासिल किया है। आयुषी ने 600 में से 582 अंक 97 प्रतिशत प्राप्त कर न केवल जिले में टॉप किया, बल्कि प्रदेश की टॉप-10 सूची में भी 5वां स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में एसडीके गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, अम्बेहटा पीर की छात्रा बुशरा ने 456 अंक 91.20 प्रतिशत प्राप्त कर जिला टॉप किया है।

इस वर्ष 36,097 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल परीक्षा दी थी, जिसके लिए 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। आयुषी ने विषयवार उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं, जिनमें हिंदी और इंग्लिश में 98-98, गणित में 99, विज्ञान में 92, सोशल साइंस में 96 तथा ड्राइंग में 99 अंक शामिल हैं। उनकी इस सफलता से परिवार और विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई है। टॉप-10 में इन छात्रों ने जगह बनाई दूसरे स्थान पर रुद्र प्रताप सिंह ने 573 अंक 95.50 प्रतिशत प्राप्त किए, जबकि तीसरे स्थान पर उदय प्रताप सिंह 571 अंक 95.17 प्रतिशत के साथ रहे। चौथे स्थान पर लविश 568 अंक, 94.67 प्रतिशत और पांचवें स्थान पर प्राची दिसावर व लक्ष्य राणा ने संयुक्त रूप से 566 अंक 94.33 प्रतिशत हासिल किए। छठे स्थान पर हर्षी गुप्ता और कीर्ति गोरसी 564 अंक, 94 प्रतिशत सातवें स्थान पर दिव्या 560 अंक, 93.33 प्रतिशत रहीं। आठवें स्थान पर लवी, शवेज, शिफा मिर्जा और अंजल पंवार 558 अंक, 93 प्रतिशत रहे। नौवें स्थान पर रितिक कुमार, चारू गुर्जर, रोनक, वंदना, कृष्णा वर्मा, शिवांशी शर्मा और आसिफ 557 अंक, 92.83 प्रतिशत शामिल रहे। इसके अलावा डीएवी इंटर कॉलेज टाबर की तंरग सैनी 600 में से 548 अंक 91.33 प्रतिशत प्राप्त किये। गांव नारायणपुर निवासी तंरग सैनी ने अपनी सफलता के लिये अपने पिता अनिल सैनी व माता जी सोमी सैनी के साथ शिक्षकों को श्रेय देते हुए कहा कि उन्ही के आर्शीवाद से यह सफलता हासिल की है। जिले के विभिन्न इंटर कॉलेजों के छात्रों ने भी इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे शिक्षा स्तर में सुधार की झलक देखने को मिली है। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में एसडीके गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, अम्बेहटा पीर की छात्रा बुशरा ने 456 अंक 91.20 प्रतिशत प्राप्त कर जिला टॉप किया है। दूसरे स्थान पर अक्षित कुमार 450 अंक, 90.00 प्रतिशत , तीसरे स्थान पर मानव चौहान 449 अंक, 89.80 प्रतिशत रहे। चौथे स्थान पर आदित्य घोष 448 अंक, 89.60 प्रतिशत तथा पांचवें स्थान पर विषांग कुमार और शिफा 446 अंक, 89.20 प्रतिशत संयुक्त रूप से रहे। टॉप-10 सूची में वंशिका, वंशु, अंजलि देवी, अरूशा और अर्वा सहित अन्य छात्रों ने भी स्थान बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष के परिणामों में खास बात यह रही कि टॉप-10 में बड़ी संख्या में छात्राओं ने स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया हैं। परिणाम घोषित होते ही जिले भर में खुशी का माहौल देखने को मिला। कई घरों में जश्न मनाया गया, वहीं विद्यालय प्रबंधन ने भी अपने मेधावी छात्रों की सफलता पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्टार पेपर मिल्स सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कालेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 में आदित्य घोष ने जिले में चौथी तथा कक्षा 10 में कृष्णा ने नौंवी पोजीशन हासिल की। कक्षा 10 में 92. 83, फैजान ने 89.16, ईशिका बंसल 89, कक्षा 12 में आदित्य घोष 89. 60, आफरीन आंरी 87.60, विशेष गुप्ता 86.20 प्रतिशत अंक लेकर टॉप टेन में रहे। प्रधानाचार्य डा. सत्येन्द्र कुमार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्रीमति कल्पना शर्मा, श्रीमति भारती सकूजा, विवेक बालियान, श्रीमति मुक्ता शर्मा, श्रीमति हरिमाला, अमित बंसल, श्रीमति नेहा शर्मा व श्रीमति स्वाति भण्डारी ने बच्चों की हौसला अफजाई की।

सर सय्यद मेमोरियल इन्टर कालेज का हाईस्कूल व इन्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें जकिया ने 84.8, वसिया ने 84.5, अदीबा मंसूरी ने 82.8, अमरीन राना ने 81.5, अंशरा ने 81.3, महविश मलिक ने 81.7, मरियम जेहरा ने 78.8, अलसबा ने 78.3, सानिया प्रवीन ने 77.7, फबिया ने 77.3, फबिया ने 77.6, नमरा फरमान ने 77, लायबा ने 73.4, नमरा मेहरबान ने 73, नौरीन ने 72.6, रबिया ने 72.2, उमरा व इलमा ने 71, लविजा खान ने 70.8 प्रतिशत अंक हासिल किये। विद्यालय प्रबन्धक हाजी मौहम्मद अफजाल खां, नाजिम तालिमात हाजी मौ. असलम खान, कन्ट्रोलर श्रीमति अंजुम अफजल, प्रधानाचार्य राशिद अहमद, कोर्डिनेटर मौ. आसिम खां व उपप्रधानाचार्य इरम ने सफल बच्चों को शुभकामनाएं दी।







आई पी इण्टर कॉलेज खिडका भटकव्वा की कक्षा 12 की अवंतिका ने 82% अंक लेकर विद्यालय टॉप किया है विधालय के अधिकांश छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है विद्यालय के प्रधानाचार्य रफाकत अली खान और उप प्रधानाचार्य मो अबूजर ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

**चिलकाना।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट तथा हाई स्कूल के घोषित हुए परीक्षाफल में सरदार पटेल इंटर कालेज पटनी तथा नगर स्थित एस. के. एस. डी. कन्या इंटर कॉलेज का परिणाम 100% सफल रहा। शिक्षकों अभिभावकों तथा छात्रों मे हर्ष की लहर है। प्रबंधक विनोद रावल तथा जयनाथ शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सरदार इंटर कालेज पटनी के प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया की गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2026 का इंटर और हाईस्कूल का परिणाम सुखद रहा। स्कूल के बेस्ट मैनेजमेंट और शिक्षकों के कठिन परिश्रम के चलते स्कूल का परिणाम 100% तक सफल रहा। कालेज प्रधानाचार्य प्रमोद रावल ने बताया की इंटर की परीक्षा मे 400 छात्रों मे से 321 छात्र प्रथम श्रेणी मे तथा शेष बच्चे द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए।

इंटरमीडिएट मे सलोनी पुत्री वीरेंद्र ने स्कूल मे 83% छवि पुत्री अनिल ने 79.4% मार्क्स के साथ द्वितीय और रिंकू पुत्र बालिस्टर ने 79% मार्क्स के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं हाई स्कूल मे 310 छात्र छात्राओं मे 260 प्रथम श्रेणी मे पास हुएजिनमे प्रिंस पुत्र अशोक ने 88.66% रूपाली पुत्री नीटू ने 86.83% के साथ द्वितीय और वर्तिका पुत्री विशेष कुमार ने 86.66% अंक प्राप्त कर स्कूल मे तृतीय स्थान प्राप्त कर परिजनों सहित स्कूल का नाम रोशन किया। शेष बच्चे द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए।

**नागल।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की हाईस्कूल की परीक्षा मे कस्बे के स्वामी विवेकानंद हाईस्कूल के छात्र आसिफ ने जहां जिले की टॉप टेन लिस्ट में नवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है वही विद्यालय के अन्य छात्र छात्राओ ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र धवलहार ने बताया कि उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है जिसमें धानी व नमरा ने 88 प्रतिशत। साराह,नूरान मलिक व इलमा ने 86 प्रतिशत। शीतल ने 83 प्रतिशत। चारू, आयुषी व वैष्णवी ने 82 प्रतिशत। सना ,अरुण व अंजली ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। छात्र छात्राओ की इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक देवपाल धवलहार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है उनके छात्र आसिफ ने जिले की टॉप टेन लिस्ट मे नाम पाया है। बेहद ही गरीब परिवार के छात्र के पिता दिलशाद स्थानीय थाने मे अस्थाई रूप से पानी पिलाने का काम करते है। आसिफ की इस सफलता पर थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने भी बच्चे का उत्साहवर्धन किया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की हाईस्कूल की परीक्षा मे नागल क्षेत्र के पांच छात्र छात्राओ ने जनपद की टॉप टेन लिस्ट में नाम पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया गया है। छात्र छात्राओ की इस उपलब्धि पर जहां परिजनों मे खुशी का ठिकाना नही है वहीं विद्यालयों के शिक्षक भी बच्चों की इस सफलता पर गर्वित है और उन्होने सफलता प्राप्त करने वाले सभी परीक्षार्थियों को बधाई दी है। भलस्वा इंटर कॉलेज के छात्र रूद्र प्रताप सिंह ने 573 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज नागल की छात्रा दिव्या ने 560 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल नागल के छात्र आसिफ ने 557 । जगदीश प्रसाद इंटर कॉलेज कोटा की छात्रा वंदना ने 557 व भलस्वा इंटर कॉलेज के रितिक ने 557 अंक प्राप्त कर नवां स्थान प्राप्त किया है।

**छुटमलपुर।** एम.आई.एफ इंटर कॉलेज, नानका गेंदवाड़ा के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का लोहा मनवाया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

परीक्षा परिणामों में अपनी मेहनत की छाप छोड़ने वाले विद्यार्थियों में 10वीं कक्षा से रिजा (पुत्री जावेद) ने 80%, तुबा (पुत्री फरीद) ने 74%, जिकरा (पुत्री प्रवेज) ने 70%, मोहम्मद शान (पुत्र नदीम) ने 65% और मोहम्मद जैद (पुत्र अनवार) ने 63% अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, 12वीं कक्षा में सिमरा (पुत्री अनवार) ने 55% अंकों के साथ सफलता दर्ज कराई है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर उनके अभिभावकों और परिजनों में हर्ष का माहौल है। बच्चों के चाचा और पेशे से अधिवक्ता, समीम सुफियान ने सभी सफल विद्यार्थियों को हृदय से बधाई दी।

**तीतरों।** कस्बा निवासी संदीप पाल की बेटी ने हाई स्कूल परीक्षा में 90% से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन किया है। साक्षी कस्बे के श्री सरस्वती इंटर कॉलेज की छात्रा है। साक्षी के पिता संदीप पाल भेड़ पालन का व्यवसाय करते हैं।

नारायण जनता इंटर कॉलेज महंगी की छात्रा मोनिका प्रजापति ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 92.67 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन किया है। मोनिका के पिता मुकेश कुमार प्रजापति भट्टे पर मुनीम का काम करते हैं। मोनिका के बड़े भाई भी ईंट भट्टे पर मुनीम का काम करते हैं। छोटी बहन सातवीं कक्षा की छात्रा है।

# युवा हमारे देश का भविष्य: चौ. नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री, चौ. नीरपाल सिंह ने युवा हमारे देश का भविष्य है। खेलो में खिलाड़ियों का भविष्य छिपा है और खेल हमे बहुत कुछ सिखाता है, इसलिये जो खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर आ रहे है उन्हें आगे आकर अपने जूनियर को प्रोत्साहित करना चाहिए।



समृद्धि फाउंडेशन के तत्तवाधान में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री,चौ नीरपाल सिंह मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहे थे। इस अवसर पर चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है। खेलो में खिलाड़ियों का भविष्य छिपा है। खेल हमे बहुत कुछ सिखाता है। खेल अनुशासन सिखाता है, खेलो से मानसिक, शारीरिक विकास होता है, रोजगार मिलता है। हम सबको मिलकर युवाओं को खेलो के प्रति जागरूक करना चाहिए, जो खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर आ रहे है उन्हें आगे आकर अपने जूनियर को प्रोत्साहित करना चाहिए। समृद्धि फाउंडेशन के चेयरमैन कुलदीप सिंह ने कहा कि खेलो से हमे एकता और मानवता का संदेश मिलता है। कार्यक्रम में साक्षी राणा, संकेत, दीपशिखा, अंकिता, राज, कुशल कोहली, आशू आदि उपस्थित रहे।

### बाइक सवार की मौत

**नानौता।** ट्रक से टकराकर बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई तथा पत्नी व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई घायलो को नानौता सीएचसी लाया गया।

नानौता के दिल्ली हाईवे स्थित गुरूवार शाम करीब 5 बजे गंगनहर के समीप एक डंपर व बाइक कि टक्कर हो गई बाइक सवार लालसिंह अपनी पत्नी व पुत्री के साथ थानाभवन से बड़गांव क्षेत्र के गांव मिर्जापुर अपने गांव लोट रहा था इसी दौरान उनकी बाइक नानौता कि और से आ रहे डंपर में टकरा गई इस कारण लालसिंह कि मौके पर मौत हो गई और पत्नी राजवती व पुत्री शालू गंभीर रूप से घायल हो गई।

# 12 चयनित बालिकाओं को चेक बांटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्या ज्ञान इंडिया कोटा के द्वारा विकास भवन सभागार में विद्या छात्रवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में कुछ अंकों से चयन न हो पाने के कारण शेष जनपद के श्रेष्ठ अंकों वाले कुल 12 बालिकाओं का चयन किया गया।

बालिकाओं को आज संस्था के द्वारा 6000 की दर से धनराशि के चेक वितरित किए गए जिसमें सड़ोली हरिया विकासखंड रामपुर की इशिका, कनिष्का, जैनपुर से साक्षी, सिया,श्रुति, इस्माइलपुर की वैशाली, संध्या, चापरचिड़ी से विशु देवी, रणदेवी से नैना, सब्दलपुर से रियापाल, प्रिया एवं कुतुबपुर से नमरा को मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं संस्था के द्वारा चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे पी.के.अग्रवाल, विपिन अग्रवाल एवं कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक रविंद्र गोयल, विशाखा चौहान, दीपा रानी,शेखर पवार, विमल कुमार एवं अरविंद कुमार सिंह जिला समन्वयक उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# हिंसा के साथ मतदान

पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान हो गया, जो 152 सीट पर हुआ। इसके साथ ही तमिलनाडु का चुनाव भी संपन्न हो गया। नतीजे 4 मई को आने हैं। जिस तरह के समाचार आ रहे हैं, वह यह तो बताते हैं कि अब अपने मतदाधिकारों को लेकर मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। आंकड़े भी इस बात की गवाही दे रहे हैं। पश्चिमी बंगाल से 92 प्रतिशत मतदान होने की खबर आ रही है, तो वहीं तमिलनाडु राज्य से भी अब तक जो रुझान आया है वह 84 प्रतिशत से अधिक का ही है। सही आंकड़े तभी सामने आएंगे, जब चुनाव आयोग अपनी तरफ से अधिकृत जानकारी देगा, लेकिन जाहिर है प्रतिशत में ज्यादा अंतर नहीं आएगा, लेकिन यह हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है कि अब अपने मताधिकार के प्रति लोग जागरूक हुए हैं और उसकी प्रशंसा स्वयं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भी की है और कहा है कि लोगों ने जिस तरह बढ़-चढ़कर अपने मतदान का प्रयोग किया, वह बधाई के पात्र हैं, लेकिन साथ-साथ एक दुखद खबर भी है, जिस तरह की हिंसा की खबरें तमिलनाडु से प्राप्त हो रही हैं वह हमें सोचने पर विवश करती है। हालांकि यह तर्क दिया जा रहा है कि चुनाव में हिंसा होती है और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य तो चुनावी हिंसा के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। पहले चरण का विधानसभा सीटों के लिए चुनाव भी अछूता नहीं रहा और कई जगहों से हिंसा की खबरें आ रही हैं, पार्टी के उम्मीदवार तक को पीटा गया है। यह लक्षण सुखद नहीं हैं। इस पर चुनाव आयुक्त को सोचना होगा कि हिंसारहित चुनाव कैसे कराए जाएं। यूं तो किसी भी राज्य में चुनाव होना एक सामान्य प्रक्रिया है और वह बिना किसी विशेष हंगामे के हो भी जाते हैं, लेकिन कुछ राज्य राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन जाते हैं और उन्हीं के हिसाब से चर्चा भी होती है। कहने को तो चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव हो रहे हैं, केरल, पुड्डुचेरी और असम में चुनाव हो चुके हैं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में पहले चरण का चुनाव हो गया है, यहां यह भी बता दें कि तमिलनाडु का चुनाव एक ही चरण में होना है, पश्चिमी बंगाल ही वह राज्य है जिसका चुनाव दो चरणों में होना है, नतीजे जरूर सभी के एक तारीख 4 मई को आएंगे। अब यह कहना तो मुश्किल है कि यह जो वोट प्रतिशत पड़ा है, यह किसके पक्ष में जाएगा, सत्तारूढ़ या विपक्ष के लिए, लेकिन यहां यह कहना जरूरी है कि पश्चिम बंगाल वह राज्य है जहां सत्ता पक्ष व विपक्ष अपनी पूरी शक्ति के साथ चुनावी मैदान में डटे हुए हैं। प्रधानमंत्री सहित तमाम भाजपा का लाव-लश्कर पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए है। गुरुवार को भी प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में रोड शो किया है। इसलिए चकाचौंध में यह कहना मुश्किल है कि बाजी किसके हाथ लगेगी।

## चौथी बार सरकार बनने का रास्ता साफ



पश्चिम बंगाल में भारी मतदान सत्ता बदलने के लिए नहीं, बल्कि टीएमसी सरकार के भारी समर्थन और भाजपा के कड़े विरोध में हुआ है, मतदान का बढ़ता हुआ प्रतिशत सीधे तौर पर सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में गया है, पहले चरण में जिन 152 सीटों पर चुनाव हुए हैं, उनमें से टीएमसी कम से कम 125 सीटें जीतने जा रही है और यह आंकड़ा 134 तक भी जा सकता है, बंगाल की जनता ने पहले ही चरण में भाजपा की कमर तोड़ दी है और टीएमसी की लगातार चौथी बार सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। नंदीग्राम जैसी हाई-प्रोफाइल सीट पर भी टीएमसी ने की बड़ी जीत होगी, ज्यादा वोटिंग का मतलब हमेशा सरकार बदलना नहीं होता है, टीएमसी नेताओं का सबसे ज्यादा जोर इस बात पर रहा है कि राज्य की महिलाओं ने भारी संख्या में घर से बाहर निकलकर वोट डालें, महिलाओं का यह भारी मतदान ममता बनर्जी पर उनके भरोसे और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा असर है।

**-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल**

# सीबीआई अधिकारियों को सजा संस्थागत भ्रष्टाचार पर सवाल






**रजनीश कपूर**

दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में गत 18 अप्रैल को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया। न्यायमूर्ति शशांक नंदन भट्ट ने सीबीआई के वर्तमान संयुक्त निदेशक रमनीश और सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त वीके पांडे को धारा 323, 427, 448 तथा 34 आईपीसी के तहत दोषी ठहराया। यह घटना वर्ष 2000 की है, जब रमनीश सीबीआई में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस के पद पर थे। यह फैसला सीबीआई की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाता है। सीबीआई खुद को देश की प्रमुख जांच एजेंसी बताती है, जो भ्रष्टाचार और दुरुपयोग के खिलाफ लड़ती है, लेकिन जब उसके अपने वरिष्ठ अधिकारी ही 'मालाफाइड रेड', मारपीट और साजिश में शामिल हों, तो सवाल उठता है कि तब सीबीआई अपने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती?

शिकायतकर्ता अशोक कुमार अग्रवाल, 1985 बैच के आईआरएस अधिकारी, उस समय दिल्ली जोन में डिप्टी डायरेक्टर (इनफोर्समेंट) थे। अदालत ने पाया कि 19 अक्टूबर 2000 को सीबीआई टीम द्वारा उनके घर पर की गई प्रातः कालीन रेड और गिरफ्तारी पूरी तरह 'मालाफाइड' (दुराभिसंधि से) थी। इसका एकमात्र उद्देश्य सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (सीएटी) के 28 सितंबर 2000 के आदेश को निष्प्रभावी बनाना था, जिसमें अग्रवाल के निलंबन की समीक्षा चार सप्ताह में करने का निर्देश दिया गया था।

अदालत ने माना कि रेड और गिरफ्तारी कानून द्वारा प्रदत्त शक्तियों का घोर उल्लंघन थी। आरोपी अधिकारियों के कार्य 'आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन' की परिभाषा में नहीं आते, इसलिए उन्हें धारा 197 सीआरपीसी या दिल्ली पुलिस एक्ट की धारा 140 के संरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में साजिश भी स्थापित की, क्योंकि कानून के मुताबिक तत्कालीन डीएसपी रमनीश को केस दर्ज करने का अधिकार ही नहीं था। अदालत ने कहा कि आरोपियों की पूरी कार्रवाई कानून का उल्लंघन थी और सीएटी के आदेश के तहत शिकायतकर्ता को वंचित करने का जानबूझकर प्रयास था। सबूत बियॉन्ड रीजनेबल डाउट के स्तर पर शिकायतकर्ता के पक्ष में थे। विभागीय जांच में यह भी देखना होगा कि डीएसपी रमनीश किसके इशारे पर ऐसा कर रहे थे? दिल्ली हाईकोर्ट ने 2016 में और सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में पहले ही धारा 197 सीआरपीसी के तहत संरक्षण को अस्वीकार कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि 'मालाफाइड' इरादे से किए गए कार्य आधिकारिक कर्तव्य नहीं माने जा सकते। रमनीश आज भी सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर हैं। दोषसिद्धि के बाद भी क्या विभागीय कार्रवाई हुई? क्या सस्पेंशन या बर्खास्तगी का प्रस्ताव है? अतीत में कई मामलों में सीबीआई अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, फर्जी मुठभेड़, सबूत गढ़ने या राजनीतिक दबाव के आरोप लगे, लेकिन आंतरिक कार्रवाई अक्सर कमजोर या लंबित रहती है। क्या यह संस्थागत संरक्षण का मामला नहीं है? क्या सीबीआई में 'अपने लोगों' को बचाने की संस्कृति है, जो उसकी निष्पक्षता को कमजोर करती है? अगर एजेंसी खुद कानून तोड़ती है तो आम नागरिक उस पर भरोसा कैसे करे? यह घटना 2000 की है, लेकिन आज भी रमनीश जैसे अधिकारी उच्च पद पर हैं, जो कि चिंताजनक है।

यहां आर्टिकल 311 और रूल 19 का उल्लेख जरूरी है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 311 सरकारी कर्मचारियों (सिविल सेवा में नियुक्त व्यक्तियों) की रक्षा करता है। यह कहता है कि किसी कर्मचारी को बिना जांच के, बर्खास्तगी, हटाया जाना या रैंक में कमी नहीं की जा सकती। ऐसे में आरोपी को उस पर लगे आरोप बताए जाएं और सुनवाई का अवसर दिया जाए। लेकिन दूसरे प्रावधान (दूसरा प्रोविजो) में अपवाद हैं। खंड a स्पष्ट है, अगर कर्मचारी का आचरण आपराधिक मुकदमे में दोषसिद्धि का आधार बना है, तो पूर्ण जांच की जरूरत नहीं। दोषसिद्धि के आधार पर सीधे बर्खास्तगी या अन्य सजा दी जा सकती है। सीसीएस (सीसीए) रूल्स 1965 के रूल 19(i) इसी सिद्धांत पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि आपराधिक दोषसिद्धि वाले आचरण के आधार पर दंड लगाने के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। दोषसिद्धि के बाद विभागीय अधिकारी शो-कॉज नोटिस जारी कर कर्मचारी को सजा के प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखने का अवसर देता है, लेकिन पूर्ण अनुशासनिक जांच की जरूरत नहीं पड़ती।

रूल 19 का उद्देश्य है कि दोषसिद्धि के बाद अनावश्यक देरी न हो और दोषी को सेवा में बनाए रखने का जोखिम न लिया जाए। अदालत की दोषसिद्धि को विभागीय रूप से स्वीकार किया जाता है, हालांकि कर्मचारी अपील में राहत मांग सकता है, लेकिन अपील या सजा पर स्टे होने से दोषसिद्धि स्वतः रद्द नहीं होती। इस मामले में रमनीश और पांडे की दोषसिद्धि के बाद सीबीआई और संबंधित विभाग को अनुच्छेद 311(2) के प्रोविजो a और रूल 19 के तहत त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।

अगर ऐसा नहीं होता तो यह सवाल और मजबूत हो जाएगा कि सीबीआई अपने अधिका. रियों के खिलाफ क्यों नरम रवैया अपनाती है? कानून के जानकार इस फैसले को न्याय की जीत मानते है, लेकिन फैसला आने में बहुत देरी हुई। 26 साल बाद न्याय मिला। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों के खिलाफ लड़ाई कितनी लंबी और कठिन हो सकती है। सीबीआई को आत्मचिंतन करना चाहिए। अपनी छवि सुधारने के लिए उसे आंतरिक जवाबदेही मजबूत करनी होगी। भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी अगर खुद भ्रष्टाचार या दुरूपयोग से मुक्त नहीं होती, तो लो. कतंत्र में उस पर जानता का विश्वास घटता है। अशोक कुमार अग्रवाल जैसे निडर लोगों की हिम्मत सराहनीय है। ऐसे लोग दबाव, धमकियों और लंबी कानूनी लड़ाई के बावजूद न्याय की राह नहीं छोड़ते। यह मामला याद दिलाता है कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए । चाहे आरोपी कोई भी हो। सीबीआई जैसे संस्थानों को इस सबक को गंभीरता से लेना चाहिए, वरना 'सीबीआई बनाम सीबीआई' जैसी स्थितियां बार-बार उभरेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्यों भारत के भविष्य का नेतृत्व महिलाओं को करना चाहिए

**भारत भर में लाखों महिलाओं के लिए, सार्वजनिक जीवन में भागीदारी अभी भी सुरक्षा, भेदभाव और असमान पहुंच की चिंताओं से प्रभावित है। चाहे खेल हो, शिक्षा हो या कार्यस्थल, ये समस्याएं हमारे समाज में गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं। संसद में अधिक महिलाओं का मतलब है कि कानून और नीतियां महज समझ से नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन की हकीकत से आकार लेती हैं। प्रवर्तन के लिए मजबूत वकालत, सहायता प्रणालियों के लिए संसाधनों का बेहतर आवंटन और एक न्याय ढांचा, जो उत्तरदाई और सुलभ हो।**



**पी.टी. ऊषा**

मैं ने अपना पूरा जीवन भागदौड़ में ही बिताया है, पहले केरल की कच्ची सड़कों पर, फिर वैश्विक मंचों पर और अब सार्वजनिक जीवन के गलियारों में। हर कदम पर मुझे कई मुश्किलो का सामना करना पड़ा है, कुछ प्रत्यक्ष और कुछ अनकही बाधाओं का भी, जिन्होंने महिलाओं को यह बताया कि उनका यहां कोई स्थान नहीं है। मैंने यह भी देखा है कि जब ए बाधाएं टूटने लगती हैं तो क्या होता है। अवसर परिणामों को बदल देता है और इससे भी जरूरी बात यह है कि यह लोगों की सोच को बदल देता है।

यही कारण है कि संविधान (एक सौ अटठाइसवां संशोधन) विधेयक, 2023 नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधाई उपलब्धि नहीं है। यह एक लंबे समय से प्रतीक्षित संरचनात्मक सुधार है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना न तो कोई रियायत है और न ही दिखावा। यह अधिक प्रतिनिधि और प्रभावी लोकतंत्र की दिशा में एक जरूरी कदम है।

**खेलों ने हमें क्या सिखाया है**

जब मैंने 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हिस्सा लिया और कुछ ही सेकंड के अंतर से पदक से चूक गई, तब बहुत कम भारतीय लड़कियां थीं, जो वैश्विक मंच पर खुद को देख पाती थीं। लेकिन पिछले कई दशकों में यह स्थिति बदली है। प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे और पहचान तक पहुंच में सुधार के साथ, भारतीय महिलाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता हासिल करने लगीं है। पीवी सिंधु, मीराबाई चानू, विनेश फोगाट और मैरी कॉम जैसी एथलीटें अकेले नहीं उभरीं। वे एक ऐसी व्यवस्था का परिणाम हैं, जिसने धीरे-धीरे ही सही, पहुंच को व्यापक बनाना शुरू किया। प्रतिनिधित्व आकांक्षाएं पैदा करता है और आकांक्षा, जब समर्थित होती है, तो उपलब्धि दिलाती है। सबक साफ है। जब महिलाओं को स्थान दिया जाता है, तो वे व्यवस्था में केवल भाग नहीं लेतीं, वे शानदार प्रदर्शन भी कर दिखाती हैं।

**हर भारतीय के लिए बेहतर शासन**

भारत में जमीनी स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व का प्रभाव पहले ही देखा जा चुका है। 73वें संवैधानिक संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किए जाने के बाद से, विभिन्न राज्यों में किए गए कई अध्ययनों से पता चला है कि महिला प्रतिनिधियों के नेतृत्व वाले क्षेत्रों में पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार हुआ है।

यह महज महिलाओं के मुद्दे नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय प्राथमिकताएं हैं। महिला नेता अक्सर सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, सुचारू रूप से चलने वाले स्कूल, पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी शासन से जुड़ी उन रोजमर्रा की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो परिवारों और समुदायों को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं। इस प्रतिनिधित्व को राज्य विधानसभाओं और संसद तक विस्तारित करना केवल निष्पक्षता की बात नहीं है। यह शासन की गुणवत्ता में सुधार से जुड़ा है।

**प्रतिनिधित्व का आर्थिक महत्व**

भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी विश्व में सबसे कम है, जो लगभग 25 प्रतिशत के आसपास है। यह केवल एक सामाजिक चिंता नहीं, बल्कि एक आर्थिक समस्या भी है। विधानसभाओं में महिलाओं का अधिक प्रतिनिधित्व उन नीतियों को प्राथमिकता देने में मदद कर सकता है, जो इस अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती हैं, जैसे किफायती बाल देखभाल, सुरक्षित कार्यस्थल, ऋण तक पहुंच और महिला उद्यमियों के लिए समर्थन। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने से भारत की जीडीपी में 700 बिलियन डॉलर तक की वृद्धि हो सकती है। अधिक समावेशी संसद न केवल एक लोकतांत्रिक आवश्यकता है, बल्कि एक आर्थिक अनिवार्यता भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या मछली और झलमुड़े की राजनीति से समाज का भला होगा



**रोहित कौशिक**

पश्चिम बंगाल में एक तरफ अनुराग ठाकुर द्वारा मंगलवार को मछली खाने का वीडियो वायरल हो गया तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के झारग्राम में एक दुकान से झालमुड़ी खरीदने का वीडियो भी वायरल हो गया। इस समय देश की राजनीति इन दोनों घटनाओं के इर्द-गिर्द घूम रही है। सोशल मीडिया पर इन दोनों घटनाओं पर लोग तरह तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। इलेक्टानिक चौनलों का एक वर्ग तो झालपुड़ी पत्रकारिता में ही लगा हुआ है और मोदी जी की झालपुड़ी खरीदने वाली घटना को नमक-मिर्च लगाकर बेचा रहा है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान तरह-तरह की तस्वीरें और घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रचार के लिए कोलकाता पहुंचे भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का एक वीडियो वारयल हो रहा है। इस वीडियो में अनुराग ठाकुर मछली खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनुराग ठाकुर के माथे पर तिलक लगा है। गले में भगवा पटका है और वे मछली खा रहे हैं। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि सनातन धर्म और संस्कृति की बात करने वाली भाजपा के सांसद मंगलवार को मछली खा रहे हैं। अक्सर सनातन धर्म को मानने लोग मांस, मदिरा और प्याज का सेवन नहीं करते हैं। दरअसल यदि अनुराग ठाकुर की जगह अखिलेश यादव या राहुल गांधी मंगलवार को मछली खा रहे होते तो भाजपा वाले धर्म और संस्कृति की दुहाई देकर अखिलेश यादव और राहुल गांधी को सनातन धर्म विरोधी साबित कर देते। इस घटना पर अखिलेश यादव ने लिखा कि कथनी और करनी के बीच के अंतर ने



भाजपा समर्थकों की पोल खोल दी है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने अनुराग ठाकुर का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि मंगलवार को माथे पर तिलक लगाकार मांसाहारी भोजन, वोट पाने के लिए हुनमान जी का अपमान करने को भी तैयार। दरअसल एक स्वस्थ लोकतंत्र में हर इंसान को यह स्वतंत्रता होनी चाहिए कि वह क्या खाए या क्या न खाए। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पर सवाल इसलिए उठ रहा कि धर्म और संस्कृति की बात करने वाली भाजपा के कुछ लोग मांस-मछली खाने से रोकते हैं और मारपीट करते हैं। ऐसे लोग कई जगह मंगलवार को चिकन-मछली की दुकान भी बंद करा देते हैं। दरअसल जब कोई दूसरा इस तरह का काम करता है तो हिन्दू भावनाएं आहत हो जाती हैं लेकिन अब अनुराग ठाकुर मंगलवार को तिलक लगाकर मछली खाते हैं तो हिन्दू भावनाएं आहत नहीं होती हैं। दूसरों के साथ धर्म संस्कृति के नाम पर मारपीट की जाती है लेकिन जब भाजपा के कुछ लोग धर्म और संस्कृति को दरकिनार कर देते हैं तो वे तब भी संस्कारी बने रहते हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान मांस-मछली की दुकानें बंद कराने वाले हिन्दू संगठन और भाजपा को मानने वाले कुछ लोग अनुराग ठाकुर के मंगलवार को तिलक लगाकर मछली खाने वाली घटना पर चुप्पी साध लेते हैं। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के झारग्राम में प्रधानमंत्री जी द्वारा झालपुड़ी खरीदने की घटना पर भी विवाद हो गया। विपक्षी दल यह आरोप लगा रहे हैं कि प्रधानमंत्री जी द्वारा झालपुड़ी खरीदने की घटना स्वाभाविक नहीं थी। इस घटना को इस तरह प्रदर्शित किया गया कि जैसे प्रधानमंत्री जी स्वाभाविक रूप से आम दुकानदार से मिलकर दस रुपये में खाने की सामग्री खरीद रहे हैं। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि यह पहले से तय कार्यक्रम के तहत ही हो पाया। क्योंकि झालमुड़ी की दुकान में कैमरे लगे थे। यानी यह सारी कवायद प्रधानमंत्री जी का एक चुनावी हथकडा था। रही सही कसर कुछ इलेक्टानिक चैनलों ने पूरी कर दी। कुछ इलेक्टानिक चौनलों ने प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खरीदने को ऐसे प्रदर्शित किया कि जैसे आज तक किसी प्रधानमंत्री ने इतनी मानवता और इंसानियत का काम नहीं किया। झालमुड़ी पत्रकारिता ने भी पत्रकारिता की नैतिकता पर कई सवाल उठा दिए। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि झालग्राम में झालमुड़ी खाने के लिए समय बढ़ाने के कारण सुरक्षा कारणों से हेमंत सोरेन की लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली जिसके कारण रैली रद्द करन पड़ी। दरअसल चुनावी हथकंडा अपनाना बुरी बात नहीं है। चुनाव है तो चुनावी हथकंडे अपनाए भी जाएंगे। अक्सर सभी राजनेता चुनावी हथकंडे अपनाते ही है। लेकिन चुनावी हथकंडे अपनाते समय स्वयं को ईमानदार दिखाने की कोशिश कई सवाल खड़े करती है। इसलिए एक तरफ अनुराग ठाकुर का मंगलवार के दिन मछली खाना तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री जी का झालपूड़ी खरीदना विवाद का विषय बन गया। राजनीति में ऐसे विवाद अक्सर होते रहते हैं। लेकिन इस दौर में विवादों को राजनीति का मूल मंत्र बना दिया गया है। इस दौर की रजनीति में जिस तरह से खोखला आदर्शवाद पनप रहा है वह कई सवाल खड़े कर रहा है। राजनीति में स्वयं को ईमानदार और दूसरों को पापी साबित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यह प्रवृत्ति राजनीति के मूल चरित्र को कठघरे में खड़ा कर रही है। राजनीति में मुद्दों पर बात होनी चाहिए, लेकिन इस दौर में मुद्दों पर बात कम हो गई है और व्यक्तिगत बातों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस सारी प्रक्रिया में सबसे दुखद यह है कि धीरे-धीरे राजनीति में नफरत की भावना बढ़ती जा रही है। राजनीति में नफरत की यह भावना स्वयं नहीं बढ़ी है बल्कि जानबूझकर पैदा की गई है। साम्प्रदायिक राजनीति को ही असली राजनीति समझ लिया गया है। यही कारण है कि धर्म के नाम पर राजनीति में इंसा. नियत खत्म हो जा रही है। राजनीति के इस नकारात्मक भाव के लिए आम जनता में भी कोई हलचल या गुस्सा नहीं है। आम जनता से ही इसे ही अपनी नियति समझ लिया है। बल्कि कई बार तो आम जनता राजनीति की बदलती धारा में स्वयं ही शामिल हो जाती है। आम जनता को भी हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति भाने लगती है। यही कारण है कि इस दौर में मूल समस्याओं के लिए होने वाले आन्दोलन कमजोर हो गए हैं। कुछ कुटिल राजनेता और समाज के कुछ ठेकेदार मिलकर एक ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों और धर्मों के लोगो के बीच आपसी विश्वास कम हुआ है। सवाल यह है कि राजनीति की यह बदलती प्रवृत्ति क्या भविष्य में हमें अंधकार की तरफ धकेल रही है ? ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गंभीरता के साथ चिंतन का समय अब आ गया है। राजनीति से समाज में कुछ सकारात्मक बदलाव होने चाहिए लेकिन दुखद यह है इस दौर की राजनीति से समाज में सकारात्मक बदलाव नहीं हो पा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



तमिलनाडु। विधानसभा चुनाव में अपना वोट डालने के लिए चेन्नई के मतदान केंद्र पर पहुंचे अभिनेता रजनीकांत।

## होर्मुज में विदेशी जहाजों पर सवार भारतीय नागरिक सुरक्षितः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के होर्मुज जलडमरूमध्य में जिन दो विदेशी जहाजों पर हमला किया गया है उन पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। दूसरी ओर रसोई गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ देश भर में अभियान जारी है और अब तक 1.5 लाख से अधिक छापे मारे गये हैं और 66000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति की जानकारी देने के लिए गुरुवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण देश में कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित है।

## राजनाथ सिंह ने पनडुब्बी बनाने वाले संयंत्र का दौरा किया

**बर्लिन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक दौरे के दौरान जर्मनी के कील शहर में टीकेएमएस के पनडुब्बी बनाने वाले संयंत्र का दौरा किया। वहां उन्हें नौसेना की आधुनिक तकनीकों और क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरे में उनके साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी मौजूद थे। यह सुविधा आधुनिक और उन्नत पनडुब्बियां बनाने के लिए जानी जाती है। रक्षा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इस दौरे को काफी जानकारी देने वालाश बताया। उन्होंने कहा कि यहां दिखाई गई तकनीक और संचालन क्षमता काफी प्रभावशाली है। उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरे से उन्हें आधुनिक पनडुब्बी निर्माण और समुद्री क्षेत्र में हो रहे नए विकास को करीब से समझने का मौका मिला, जो आज के समय में वैश्विक सुरक्षा के लिए बहुत अहम है।

# दोस्तों को गिफ्ट-दुश्मनों को मिलेगी सजा

## ट्रम्प का नहीं दिया था साथ, व्हाइट हाउस बना रहा नाटो देशों की सूची

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने नाटो (नाटो) देशों की एक खास सूची तैयार की है। इस सूची को शरारती और अच्छे सहयोगियों का नाम दिया गया है। कथित तौर पर इस सूची के जरिए उन देशों की पहचान की गई है जिन्होंने ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका का साथ दिया है।

इसे एक ऐसे कदम के तौर पर देखा जा रहा है, जिसका मकसद, अमेरिका के साथ खड़े देशों को इनाम मिलेगा और पीछे हट गए देशों को सजा भुगतनी पड़ सकती है। बताया जा रहा यह सूची नाटो के महासचिव मार्क रुटे की इसी महीने हुई वाशिंगटन यात्रा से पहले तैयार की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इस विचार की शुरुआत दिसम्बर में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने की थी। उन्होंने एक रक्षा मंच पर कहा था कि जो देश आदर्श सहयोगी की तरह व्यवहार करेंगे, अमेरिका उन्हें विशेष सुविधाएं देगा। वहीं, जो देश अपनी सामूहिक रक्षा की जिम्मेदारी पूरी नहीं करेंगे, उन्हें इसके गंभीर नतीजे झेलने होंगे। अमेरिका इस सूची के हिसाब से नाटों के कुछ सदस्यों देशों को सजा देने के लिए कदम उठा सकता है। इसमें उन देशों से अमेरिकी सैनिकों को हटाकर दूसरी जगह तैनात करना या उन्हें आधुनिक अमेरिकी सैन्य तकनीक बेचने पर रोक लगाना शामिल हो सकता है। हालांकि, कुछ जानकारों का मानना है कि सैनिकों को हटाना खुद अमेरिका के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है। उनका कहना है कि अमेरिका के पास सहयोगियों को सजा देने के लिए कोई ठोस योजना नहीं दिखती। व्हाइट हाउस ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस सूची के बारे में कुछ नहीं कहा है। लेकिन माना जा रहा है कि पोलैंड और रोमानिया जैसे देशों को अच्छे देशों की श्रेणी में रखा जाएगा। पोलैंड अपनी रक्षा पर बहुत ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है, जिसकी अमेरिका ने तारीफ की है। वहीं, रोमानिया ने ईरान युद्ध से जुड़े ऑपरेशनों के लिए अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। इसके उलट, नाटो के ज्यादातर देशों ने खाड़ी के युद्ध में शामिल होने से साफ मना कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात से काफी नाराज हैं। ट्रम्प ने हाल ही में एरिजोना में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि नाटो देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खुलवाने में बहुत देर से मदद की पेशकश की। उन्होंने कहा, मैंने उनसे कह दिया कि मुझे दो महीने पहले आपकी मदद चाहिए थी, अब मुझे आपकी मदद की कोई जरूरत नहीं है। जब हमें आपकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब आप बिल्कुल बेकार साबित हुए। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि अमेरिका को कभी उनकी जरूरत नहीं थी, बल्कि उन्हें अमेरिका की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका को आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भी अपनी भड़ास निकाली।



■ अमेरिका इस सूची के हिसाब से नाटों के कुछ सदस्यों देशों को दंड देने के मूड में

## अमेरिका में केमिकल लीक होने से दो की मौत, 19 बीमार

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वेस्ट वर्जीनिया में एक केमिकल प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक फैक्ट्री में जहरीली गैस के लीक होने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग बीमार हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा इंस्टीट्यूट इलाके में स्थित कैटेलिस्ट रिफाइनर्स नाम के प्लांट में हुआ। बताया जा रहा है कि जब कर्मचारी फैक्ट्री के एक हिस्से को बंद करने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक केमिकल रिएक्शन हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, नाइट्रिक एसिड और किसी अन्य पदार्थ के बीच तेज प्रतिक्रिया हुई, जिससे जहरीली गैस निकलने लगी। इस घटना में राहत और बचाव के लिए पहुंचे एम्बुलेंस कर्मी भी प्रभावित हुए, जिनमें सात लोग शामिल हैं। कई घायलों को निजी गाड़ियों से अस्पताल ले जाया गया, यहां तक कि एक व्यक्ति को कचरा ढोने वाली गाड़ी से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। इस हादसे के बाद आसपास के इलाके में कुछ घंटों के लिए लोगों को घरों में ही रहने का आदेश दिया गया। बाद में हालात सामान्य होने पर यह आदेश हटा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी मौतें और घायल लोग फैक्ट्री परिसर के अंदर ही थे।

# फारस की खाड़ी-होर्मुज में तेल रिसाव का खतरा

## कई बड़े तिल रिसाव अंतरिक्ष से दिखाई दिए, उपग्रह तस्वीरों में लावान द्वीप से कुवैत तट तक असर दिखा





■ एक सैटेलाइट तस्वीर में ईरान के केश्म द्वीप के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में पांच मील से अधिक क्षेत्र में फैला तेल देखा गया
■ शिदवर द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित एक कोरल द्वीप है

**दुबई।** अमेरिका और ईरान से जुड़े सैन्य हमलों के बाद फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में कई बड़े तेल रिसाव अंतरिक्ष से दिखाई दिए हैं। उपग्रह तस्वीरों में ईरान के केश्म द्वीप, लावान द्वीप और कुवैत तट के पास समुद्र में फैला तेल साफ नजर आ रहा है।

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति पर जल्द नियंत्रण नहीं पाया गया तो यह क्षेत्र समुद्री जैव विविधता, तटीय आबादी और पेयजल आपूर्ति के लिए बड़े पर्यावरणीय संकट में बदल सकता है। सीएनएन के अनुसार उपग्रह चित्रों ने न केवल तेल सुविधाओं और जहाजों पर हमलों से हुई क्षति को उजागर किया है बल्कि फारस की खाड़ी के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र पर मंडरा रहे खतरे को भी सामने रखा है। इस क्षेत्र में फैला तेल तटीय समुदायों की आजीविका, मछली पालन, समुद्री जीवों और समुद्री जल को मीठा बनाने वाले संयंत्रों तक को प्रभावित कर सकता है। एक सैटेलाइट तस्वीर में ईरान के केश्म द्वीप के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में पांच मील से अधिक क्षेत्र में फैला तेल देखा गया। शिदवर द्वीप फारस की खाड़ी में स्थित एक कोरल द्वीप है। यह कछुओं, समुद्री पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए महत्वपूर्ण आवास माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेल रिसाव ऐसे क्षेत्रों में पहुंचने पर समुद्री जीवों के प्रजनन, भोजन श्रृंखला और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर दीर्घकालिक असर डाल सकता है। छह अप्रैल को कुछ उपग्रह तस्वीरों में कुवैत के तट के पास भी तेल फैला दिखाई दिया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने कहा था कि उसने उसी दिन खाड़ी देशों की ईंधन और पेट्रोकेमिकल सुविधाओं को निशाना बनाया। डच शांति संगठन पैक्स के परियोजना प्रमुख विम ज्वाइनेनबर्ग ने चेतावनी दी कि इन तेल रिसावों का असर लाखों लोगों पर पड़ सकता है, खासकर ईरान के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों पर। मछलियों के प्रदूषित होने से मछुआरों की आय और खाद्य सुरक्षा दोनों प्रभावित हो सकती हैं। यह तेल समुद्री कछुओं, डाल्फिन और व्हेल जैसे जीवों के लिए भी गंभीर खतरा है। ये जीव या तो तेल निगल सकते हैं या उसमें फंस सकते हैं। इसके अलावा समुद्री जल को साफ कर पीने योग्य बनाने वाले डिसैलिनेशन प्लांट्स भी प्रभावित हो सकते हैं।

## अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर छूट बढ़ाई, 10 से अधिक देशों को राहत



**वाशिंगटन।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा कि उन्होंने रूसी तेल की बिक्री की अनुमति देने वाली प्रतिबंध छूट को आगे बढ़ाया है। यह फैसला दुनिया के 10 से अधिक 'सबसे कमजोर और सबसे गरीब' देशों के ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए लिया गया। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध पिछले हफ्ते अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठक के दौरान सामने आया था। बेसेंट ने सीनेट की विनियोग समिति के सामने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि पहले उनका विचार था कि यह छूट आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। लेकिन बाद में ऊर्जा संकट से जूझ रहे 10 से अधिक देशों ने अमेरिका से इसे बढ़ाने की अपील की। इसके बाद केवल 30 दिनों के लिए प्रतिबंधों पर यह छूट दी गई। पिछले हफ्ते अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने घोषणा की थी कि रूसी या ईरानी तेल की बिक्री के लिए दी गई छूट आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। लेकिन शुक्रवार रात को मंत्रालय ने अचानक प्रतिबंधों पर छूट को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया। बेसेंट ने कहा, इस हफ्ते विश्व बैंक और आईएमएफ की बैठक थी। मेरा मानना था कि हम इसे आगे नहीं बढ़ाएंगे। लेकिन दस से अधिक कमजोर और गरीब देशों ने हमसे अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट के कारण इसे आगे बढ़ाया जाए। इसलिए हमने केवल 30 दिनों के लिए छूट दी। इससे पहले अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 5 मार्च से एक महीने के लिए प्रतिबंधों पर छूट दी थी। कुछ दिनों बाद इसी तरह की छूट कई अन्य देशों को भी दी गई थी, जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई थी।

# ईरान में युद्ध के बाद शिक्षा बहाली तेज

■ शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास आगे बढ़े, 1300 में से 775 स्कूलों की मरम्मत पूरी

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल एयर स्ट्राइक के बाद 40 दिन तक चले संघर्ष में ईरान के कई स्कूल और बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री अलीरेजा काजेमी ने बताया कि प्रभावित 1,300 स्कूलों में से 775 की मरम्मत पूरी हो चुकी है।

आईआरएनए के अनुसार, करीब 20 स्कूल पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि तेहरान, केर्मानशाह, इस्फहान और होर्मोजगान प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों की मरम्मत अक्टूबर तक पूरी होने की उम्मीद है। हमलों के बावजूद पढ़ाई जारी रखने के लिए कुछ जगहों पर ऑफलाइन और अन्य स्थानों पर ऑनलाइन कक्षाएं चलाई गईं, जिसमें ईरानियन टेलीविजन स्कूल ने अहम भूमिका निभाई। छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मिनाब के शजराह तैयबा प्राइमरी स्कूल पर मिसाइल हमले में मारे गए 170 लोगों की याद में स्कूलों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस हमले में अधिकांश छात्राएं और शिक्षक शामिल थे। सरकार का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था को सामान्य बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

## मेरे अनुरोध पर ईरान में आठ महिलाओं की फांसी पर लगी रोक, चार की रिहाई होगीः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान में आठ महिलाओं को अब फांसी नहीं दी जाएगी। इनमें से चार महिलाओं को तुरंत रिहा किया जाएगा और शेष चार को एक महीने की जेल की सजा दी जाएगी। ट्रम्प ने कहा कि वह इस फैसले का स्वागत करते हैं। अपने प्लेटफार्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा कि बहुत अच्छी खबर है। मुझे अभी-अभी सूचना मिली है कि ईरान में आज रात जिन महिला प्रदर्शनकारियों को फांसी दी जानी थी, उन्हें अब फांसी नहीं दी जाएगी। चार को तुरंत रिहा किया जाएगा और चार को एक महीने की जेल की सजा दी जाएगी।

# भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं

■ व्यापार समझौते पर बोले अमेरिकी प्रतिनिधि

**वाशिंगटन।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी वार्ता के बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत एक 'टफ नट टू क्रैक' है, यानी भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है। ग्रीर ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने की। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की सुरक्षा करता आया है और मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत अपने घरेलू हितों को प्राथमिकता देता है, खासकर कृषि क्षेत्र में, इसलिए बातचीत आसान नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि कुछ क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहमति बनने की संभावना है। वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व वाली अमेरिकी टीम के साथ व्यापार समझौते के बारीक बिंदुओं पर बातचीत की। तीन दिवसीय वार्ता बुधवार को समाप्त हुई। ग्रीर ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस की कमेटी आन वेज एंड मीन्स को बताया कि भारत एक कठिन चुनौती है.उन्होंने बहुत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत वे इनमें से कई चीजों की रक्षा करना चाहते हैं। हालांकि, कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मुझे लगता है कि हम आपसी सहमति बना सकते हैं। डीडीजी (डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेन्स) इसका एक अच्छा उदाहरण है। ग्रीर सांसदों द्वारा डीडीजी के निर्यात पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे, जिनका उपयोग उच्च प्रोटीन वाले पशुधन चारे, सोयाबीन मील और इथेनाल के रूप में किया जाता है।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत रचनात्मकः भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता तेज कर दी है। यह 'रचनात्मक' बातचीत वाशिंगटन में हो रही है जिसका उद्देश्य संतुलित और भविष्य पर आधारित समझौता करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वार्ता का ध्यान पारस्परिक चिंताओं और प्राथमिकताओं का समाधान निकालने पर है, साथ ही 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत से एक टीम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता के लिए वाशिंगटन गई है।

# अमेरिकी नौसेना सचिव जान फेलन ने अचानक छोड़ा पद

## हंग काओ बने कार्यवाहक सचिव



■ यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेंटागन ने बुधवार को अचानक घोषणा की कि नौसेना सचिव जान फेलन अपना पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में किसी सैन्य सेवा के प्रमुख का यह पहला इस्तीफा है।

हालांकि, रक्षा विभाग में पिछले कुछ समय से कई बड़े अधिकारियों को हटाया जा रहा है। फेलन के अचानक हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है और दुनिया भर में तेहरान से जुड़े जहाजों को निशाना बना रही है। अब ट्रम्प के करीबी और अंडरसेक्रेटरी हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। काओ नौसेना में 25 साल तक रहे हैं और उनके पास युद्ध का अनुभव भी हैं। फेलन का पद से हटना पेंटागन के शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल की एक लंबी कड़ी का हिस्सा हो सकता है। कुछ हफ्ते पहले ही रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी जनरल रैंडी जार्ज को पद से हटा दिया था। हेगसेथ ने पिछले साल पद संभालने के बाद से कई जनरलों और एडमिरलों को हटाया है। इनमें एडमिरल लीसा फेंचेती और जनरल जिम स्लाइफ भी शामिल हैं। ट्रम्प ने जनरल चार्ल्स सीक्यू ब्राउन जूनियर को भी उनके पद से हटा दिया है। फेलन का इस्तीफा बहुत चौंकाने वाला है। उन्होंने मंगलवार को ही वाशिंगटन में नौसेना के एक सम्मेलन में हिस्सा लिया था। वहां उन्होंने पत्रकारों से अपने एजेंडे पर बात की थी। उन्होंने सांसदों के साथ बजट और नए जहाज बनाने की कोशिशों पर भी चर्चा की थी। हालांकि, पेंटागन के प्रवक्ता शान पार्नेल ने बताया कि फेलन तुरंत अपना पद छोड़ रहे हैं।

# लश्कर-जैश पर नकेल कसे पाक

## पहलगाम हमले की बरसी पर अमेरिकी सांसदों ने एक सुर में उठाई मांग

■ वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमत विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई थी
■ शर्मन ने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को याद किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद ब्रैड शर्मन ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए- मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने आतंकवाद की मानवीय कीमत विषय पर एक प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान शर्मन ने 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को याद किया।

इस हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। शर्मन ने कहा कि पहलगाम हमले के पीछे द रेजिस्टेंस फ्रंट का हाथ था, जिसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है। खबरों के मुताबिक, इन समूहों को पाकिस्तान में पनाह मिलती है। डेमोक्रेट नेता शर्मन ने मांग की कि पाकिस्तानी सरकार को इन आतंकी गुटों पर नकेल कसने की मांग की। यह प्रदर्शनी ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान खुद को शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा है और अमेरिका-ईरान युद्ध को रोकने के लिए मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। इस डिजिटल प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों, 2008 के मुंबई हमलों और पहलगाम हमले की तस्वीरें दिखाई गईं। इसमें उन आतंकी संगठनों और लोगों की पहचान भी उजागर की गई जो पाकिस्तान से अपनी गतिविध्यिां चलाते हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि आतंकवाद मानवता को नष्ट करना चाहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को दोहराया जिसमें भारत आतंकवाद को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदर्शनी में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टियों के कई बड़े सांसद शामिल हुए। इस दौरान सांसद लिसा मैक्लेन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने के लिए खुफिया जानकारी साझा करना और मिलकर काम करना ही सही रास्ता है। वहीं, सांसद रो खन्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने 1990 के दशक में ही इस खतरे की चेतावनी दी थी, लेकिन तब कम ही लोगों ने इसे गंभीरता से लिया था। इस दौरान 7 मई 2025 को भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)